चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 131, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 09 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'सीमा पर शांति के बिना रिश्ते नहीं सुधर सकते'

## जयशंकर की चीन को दो टूक, राहुल को दिया करारा जवाब



**नई दिल्लीः** पूर्वी लद्दाख में चीन से जारी तनाव को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने करारा जवाब दिया है। उन्होंने गुरुवार को चीन को साफ संदेश देते हुए कहा कि चीन के साथ संबंध सामान्य होने की कोई भी उम्मीद तब तक निराधार है जब तक पूर्वी लद्दाख में सीमा पर स्थिति सामान्य नहीं होती है। उन्होंने कहा कि भारत भी चीन के साथ संबंध सुधारना चाहता है, लेकिन यह तभी संभव हो सकता है, जब सीमावर्ती इलाकों में अमन-चैन हो। जब तक ऐसा नहीं होता है, तब तक दोनों देशों के संबंध आगे नहीं बढ़ सकते। विदेश मंत्री मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के मौके पर प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में सभी प्रमुख देशों के साथ संबंध मजबूत हुए हैं। चाहे रूस हो, अमेरिका हो या फिर ब्रिटेन, जर्मनी, जापान अथवा खाड़ी देश और आसियान, सभी के साथ रिश्ते आगे बढ़े हैं। बस 2020 में समझौतों का उल्लंघन कर अपनी सेना को अग्रिम मोर्चे पर भेजने वाले चीन के साथ रिश्तों में कड़वाहट बढ़ी है।

**सीमा पर जारी गतिरोध चीन के भी हित में नहीं:** विदेश मंत्री ने उत्तरी सीमा को लेकर भारत के नजरिये और चीन के बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव पर उसके विरोध के संदर्भ में कहा कि भारत किसी तरह की दादागीरी या उकसावे वाली कार्रवाई से प्रभावित नहीं होता है। इस दौरान उन्होंने पूर्वी लद्दाख में सीमा पर सैनिकों की तैनाती को लेकर भी उन्होंने चीन पर हमला बोला। विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों को सैनिकों की वापसी के तरीके खोजने होंगे। सीमा पर जारी यह गतिरोध चीन के हित में भी नहीं है।

**राहुल गांधी के आरोपों पर दिया जवाब:** चीन के साथ रिश्तों को लेकर लगी सवालों की झड़ी के बीच उन्होंने कहा, ये सच है कि संबंध प्रभावित होते हैं और प्रभावित होते रहेंगे। उन्होंने राहुल गांधी के चीन द्वारा भारतीय भूमि पर कब्जे के आरोपों का भी जवाब दिया। विदेश मंत्री ने कहा कि यह चीन द्वारा भारतीय भूमि पर कब्जे के संबंध में नहीं है। यह सैनिकों की अग्रिम तैनाती के बारे में है। कांग्रेस नेता बहुत कुछ कहते हैं। उन्होंने (राहुल) पैंगोंग त्सो झील पर चीन द्वारा बनाए जा रहे एक पुल का उल्लेख किया, लेकिन वह 1962 में चीन द्वारा कब्जा किए गए क्षेत्र पर था। चीन ने 1950 के दशक से भारत के क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया था। 2020 में हमें अग्रिम स्थानों पर सैनिकों की तैनाती करनी पड़ी, जिसके कारण तनाव है।

**'हमने गलवां विवाद से पहले भी चीन को किया था आगाह'**

उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि दोनों देशों के बीच संचार टूट गया है। मुद्दा यह है कि चीन के साथ, गलवां होने से पहले भी, हमने कई बार चीनियों से बात की थी। हमने उन्हें उनके सैनिकों की आवाजाही को लेकर आगाह भी किया था। जयशंकर ने कहा कि गलवां घाटी में विवाद से पहले, मैंने अपने (चीनी) समकक्ष से बात की थी।

### यूक्रेन में हालात ठीक नहीं: जयशंकर

**नई दिल्ली:** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को बसई दारापुर इलाके में यूक्रेन से लौटे एक छात्र से मुलाकात की। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि यूक्रेन की स्थिति तो आप जानते ही हैं। वहां अब भी हालात ठीक नहीं हैं। शुरू-शुरू में तो छात्र वापस आ गए थे, लेकिन पढ़ाई पूरी करने के लिए ये दोबारा वहां गए, लेकिन वहां के मौजूदा हालात को देखते हुए छात्र फिर से वापस आ गए हैं। हमारी तरफ से ये कोशिश हो रही कि वहां पर जो हमारे भारतीय छात्र हैं, उनकी परीक्षा यहां भारत में कराई जाए। यही छात्रों के हित में होगी।

## मोहब्बत की दुकान पर भाजपा नेताओं ने लिखा राहुल को पत्र



**नई दिल्ली।** मोहब्बत की दुकान को लेकर भाजपा नेताओं ने गुरुवार को राहुल के नाम खुला पत्र लिखा। भाजपा नेता राज्यवर्धन राठौर, पूनम महाजन और प्रवेश साहिब सिंह द्वारा लिखे पत्र में राहुल के मोहब्बत की दुकान को नफरत का मेगामॉल बताया। भाजपा नेताओं ने कहा कि राहुल की कथनी और करनी में फर्क है। पत्र में अमेरिका में मोहब्बत की दुकान से मातृभूमि और देश के लिए फैलाई गई नफरत का जिक्र करते हुए कांग्रेस पार्टी के इतिहास को उजागर किया गया है। नौ पन्नों के पत्र में चार विषयों की तरफ ध्यान दिलाया गया है, जिसमें कांग्रेस के समय हुए दंगे, नेहरू-गांधी परिवार द्वारा कांग्रेसी नेता के साथ बदसलूकी, रिश्तेदारों के साथ अमानवीय व्यवहार और देश की महान विभूतियों के प्रति परिवार की नफरत को उजागर किया गया है।

## सीएम धामी ने रुड़की क्षेत्र के लिए की तीन घोषणाएं



**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को रुड़की में भाजपा कार्यालय का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने रुड़की क्षेत्र के लिए तीन घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि रुड़की के पठानपुरा से आदर्श नगर पेट्रोल पम्प तक आरसीसी नाले का निर्माण कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रुड़की के मेन हाइवे से कान्हापुर तक बीएम एसडीबीसी द्वारा सड़क निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसी तरह रुड़की के सोलानीपुरम की आन्तरिक सड़कों का इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा सड़क व नाली निर्माण का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि बाबा केदार एवं भगवान बद्रीविशाल के आशीर्वाद और सभी कार्यकर्ताओं की सेवा, समर्पण और पार्टी के प्रति सच्ची निष्ठा के बल पर रुड़की में पार्टी कार्यालय का भूमि पूजन संपन्न हुआ है। मुख्यमंत्री ने स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का स्मरण करते हुए कहा कि जनसंघ के रूप में उन्होंने ऐसे राष्ट्रवादी संगठन की नींव रखी जो आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में सम्पूर्ण विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने स्व. दीनदयाल उपाध्याय का स्मरण कर कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने अपनी आदर्श छवि एवं विशिष्ट बौद्धिकता से सम्पूर्ण विश्व में भारत के गौरव को बढ़ाने का कार्य किया। मुख्यमंत्री ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का स्मरण करते हुए कि अटल जी के प्रधानमंत्रित्व काल में ही उत्तराखंड अलग राज्य बना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। आज नव भारत के निर्माण के यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है उसमें सभी कार्यकर्ताओं ने अपने श्रम की आहुति देनी है तथा एक भारत और श्रेष्ठ भारत के महा संकल्प को साकार करना है। देश आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रवेश कर चुका है ।

### झगड़ा हुआ तो 24 साल छोटी महिला को मारा, बॉडी के टुकड़े कुकर में उबाले

## लिव-इन पार्टनर की हत्या, शव कुत्तों को खिलाया



आरोपी
**मनोज साने, (56)**

विक्टिम
**सरस्वती वैद्य (32)**

**मुंबईः** मुंबई में श्रद्धा वालकर मर्डर केस जैसा मामला सामने आया है। यहां मीरा रोड इलाके में 56 साल के आरोपी ने अपनी 32 साल की लिव-इन पार्टनर का मर्डर कर आरी से शव के टुकड़े कर दिए।

इसके बाद आरोपी ने शव के टुकड़े कुकर में उबाल दिए। पुलिस को शक है कि उसने उबला हुआ मांस कुत्तों को खिलाया। आरोपी का नाम मनोज साने है। वह पिछले 3 साल से सरस्वती वैद्य नाम की महिला के साथ मीरा रोड इलाके की आकाशगंगा बिल्डिंग के 7वें फ्लोर पर किराए के फ्लैट में रह रहा था। फ्लैट से बदबू आने पर बिल्डिंग के लोगों ने बुधवार को पुलिस को सूचना दी थी।

**तीन से चार दिन पहले की गई महिला की हत्याः** मुंबई पुलिस के जंयत बजबाले ने बताया- हमें फ्लैट में एक महिला की लाश के टुकड़े मिले। ये टुकड़े सड़ चुके थे, जिन्हें देखकर अनुमान है कि मर्डर तीन-चार दिन पहले किया गया था। हमने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने महिला के शव के टुकड़ों को जांच के लिए जेजे अस्पताल भेजा है। डॉक्टरों की एक विशेष टीम अब शरीर के अंगों की जांच करेगी और पुलिस को बताएगी कि शरीर के कौन से अंग गायब हैं।

**पुलिस ने बताया- हत्या से पहले मनोज-सरस्वती में झगड़ा हुआ:** जयंत बजबाले ने बताया कि मनोज और सरस्वती के बीच झगड़ा हुआ था।

## बिहार के सोन पुल में फंसे बालक की इलाज के दौरान मौत

**पटना/डेहरी आन सोन।** बिहार में रोहतास जिले के दाऊद नगर सोन पुल में फंसे बालक रंजन को आज शाम 5:30 बजे 36 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित निकाल लिया गया लेकिन सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बचाव दल के विफल होने पर पुल की दीवार को तोड़कर उसे सकुशल निकाला गया था। बालक खिरियांव गांव निवासी शत्रुघ्न प्रसाद का पुत्र रंजन कुमार बताया जाता है। उसके पिता के अनुसार उसका पुत्र मानसिक रूप से विक्षिप्त था और घर से गायब था।

उसकी खोजबीन की जा रही थी। बुधवार को दोपहर बाद पुल से गुजर रही एक महिला ने लड़के को पाया में फंसकर रोते हुए देख स्वजनों को सूचित किया। सूचना पाकर स्वजनों के साथ बीडीओ मो. जफर इमाम, सीओ अमित कुमार, थानाध्यक्ष सुधीर कुमार समेत अन्य अधिकारी पहुंच गए। शाम तक एसडीएम उपेंद्र पाल भी घटनास्थल पर पहुंचे और अधिकारियों को शीघ्र रेस्क्यू कर बच्चे को बाहर निकालने का निर्देश दिया।

## मोदी तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेंगे: मौर्य




**प्रयागराज।** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भाजपा का डंका बज रहा है। 2019 में कई पार्टियों ने मोदी के खिलाफ एकजुट होकर प्रचार किया था, लेकिन वह मोदी लहर में तिनके की तरह उड़ गए। यह सारी विपक्षी पार्टियां फिर एकजुट होने लगी हैं। जनता के दम पर पार्टी लोकसभा चुनाव में फिर बेहतरीन प्रदर्शन करेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। यह बातें गुरुवार को प्रयागराज पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने परेड ग्राउण्ड में आयोजित शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा बम्पर जीत दर्ज करेगी। प्रदेश की 80 में से 80 सीटों पर प्रत्याशियों की विजय होगी। जिस तरह 2019 के चुनाव में भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बम्पर जीत दर्ज की थी। उसी तरह 2024 में भी पार्टी रिकॉर्ड बनाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकारी योजनाओं का लाभ सभी को बिना भेदभाव के दिया जा रहा है। यही कारण है कि विपक्षी पार्टियों को देश की तरक्की अच्छी नहीं लग रही है। उन्होंने कहा कि 2019 में संगमनगरी में लगा कुंभ सिर्फ एक झांकी था। पिक्चर 2025 के महाकुंभ में दिखेगी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने परेड मैदान में ग्राम विकास से सम्बंधित 347 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन पर लगभग 52 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिनमें सड़क, आवास समेत अनेक निर्माण कार्य शामिल हैं।

ग्राम्य विकास से सम्बंधित सभी योजनाओं पर आधारित ग्राम्या पुस्तक छपवाई गई है। उन्होंने इसका भी लोकार्पण किया। इसके अतिरिक्त 14 हजार लाभार्थियों के आवास तैयार हो गए हैं। इन्हें आवास की चाबी सौंपी गई। श्री मौर्य ने प्रतीकात्मक रूप से 50 लाभार्थियों को मंच पर चाबी सौंपी। इसके अलावा बीसी सखी समेत अन्य स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं 33 महिलाओं को भी सम्मानित किया।

## धारा खाद्य तेलों के दाम 10 रूपए घटे




**नई दिल्ली: मदर** डेयरी ने वैश्विक संकेतों के आधार पर धारा खाद्य तेलों के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। नई दरों के साथ स्टॉक्स बाजार में अगले हफ्ते से उपलब्ध होंगे। कंपनी ने कहा कि एमआरपी में कटौती वैश्विक बाजार में खाद्य तेलों की कीमतों में गिरावट के अनुरूप है। खाना पकाने के तेल आम तौर पर खुदरा विक्रेताओं की ओर से तेलों/पैकेटों पर मुद्रित एमआरपी से कम कीमत पर बेचे जाते हैं।

**सरकार ने खाद्य तेलों की एमआरपी में 8-12 रुपये प्रति लीटर की कटौती करने को कहा था:** पिछले सप्ताह केंद्र ने खाद्य तेल उद्योग निकायों को निर्देश दिया था कि वे अपने सदस्यों को तत्काल प्रभाव से प्रमुख खाद्य तेलों की एमआरपी में 8-12 रुपये प्रति लीटर की कमी करने की सलाह दें।कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा, "अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खाद्य तेल की।

### कठिन चढ़ाई और मौसम की दुश्वारियों के बावजूद बाबा के प्रति लगातार बढ़ रही भक्तों की

## केदारनाथ: 45 दिनों में धाम पहुंचे 8 लाख 20 हजार से ज्यादा श्रद्धालु



**केदारनाथ।** केदारनाथ धाम इन दिनों पूरी तरह से भक्तों से भरा हुआ है। केदारनाथ यात्रा में 45 दिनों में 8 लाख 20 हजार से अधिक भक्त धाम पहुंचककर दर्शन कर चुके हैं। औसतन प्रतिदिन 20 से 22 हजार के करीब तीर्थ यात्री केदारनाथ पहुंच रहे हैं। इस वर्ष केदारनाथ धाम की यात्रा पर उम्मीद से भी अधिक भक्त पहुंच रहे हैं। यही कारण है कि यात्रा के पुराने सभी रिकॉर्ड टूटते जा रहे हैं। इस वर्ष जहां 45 दिन में 8 लाख 20 हजार से अधिक भक्त धाम पहुंचे हैं। वहीं पिछले वर्ष इतने ही दिनों में 7 लाख यात्री केदारनाथ धाम पहुंचे थे। उत्तराखंड के चारों धामों में सबसे अधिक यात्री केदारनाथ धाम पहुंच रहे हैं। कठिन चढ़ाई और मौसम की तमाम दुश्वारियों के बीच भी बाबा के भक्तों की आस्था कम नहीं हो रही है, बल्कि बढ़ती ही जा रही है। अभी मानसून सीजन शुरू होने में 15 दिन से अधिक का समय बचा हुआ है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि यात्रा के दो माह में केदारनाथ पहुंचने वाले भक्तों का आंकड़ा 12 लाख के पार हो जायेगा। वहीं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि लगभग 45 दिनों की यात्रा में अब तक आठ लाख से अधिक तीर्थ यात्रियों ने बाबा केदारनाथ के दर्शन कर लिए हैं, जिनकी संख्या निरंतर बढ़ रही है।

आने वाले तीर्थ यात्रियों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए यात्रा से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। शुरूआती 20 से 25 दिनों में खराब मौसम, बारिश व बर्फवारी रही। इसके बावजूद सभी व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद किया जा रहा है।

### नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इस वर्ष 15 से 21 जून के बीच बड़े स्तर पर योग सप्ताह का

## यूपी के हर घर-आंगन तक पहुंचेगा योग



**लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी द्वारा दिए गए हर घर आंगन योग के मूलमंत्र को आत्मसात कर उत्तर प्रदेश में भी योग दिवस को लेकर बड़े स्तर पर आयोजन की तैयारी की जा रही है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 21 जून को आयोजित होने वाले 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश भर में सामूहिक योगाभ्यास व अन्य कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर निर्देश दे चुके हैं। इनके सफल आयोजन के लिए तैयारियां भी युद्ध स्तर पर शुरू हो चुकी हैं मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में 15 से 21 जून के मध्य एक हफ्ते तक योग सप्ताह का बड़े स्तर पर आयोजन होगा। इसके अंतर्गत राज्य के सभी जिलों में जनपद स्तरीय समिति का गठन किया गया है जो इस कार्ययोजना को लागू किए जाने की प्रक्रिया को मॉनिटर करेगी और इसके एग्जिक्यूशन में सहयोग करेगी। शासन की कार्ययोजना के मुताबिक, प्रदेश के सभी जिलों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन होगा जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक व यूनानी अधिकारी, जिला होम्योपैथिक अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, क्रीड़ा अधिकारी व गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि बतौर सदस्य सम्मिलित होंगे।

## जीवा हत्याकांड: आरोपित के घर पहुंची पुलिस



**जौनपुर। उत्तर** प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कैसरबाग स्थित कोर्ट रूम में हुई कुख्यात अपराधी संजीव महेश्वरी उर्फ जीवा हत्याकांड के आरोपित के घर गुरुवार को पुलिस ने दबिश दी है। क्षेत्राधिकारी केराकत गौरव शर्मा, केराकत कोतवाली प्रभारी जय प्रकाश यादव और सरकी चौकी प्रभारी विनोद कुमार अंचल पुलिस बल के साथ हत्यारोपित विजय यादव के घर सुल्तानपुर गांव पहुंचे। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि आरोपित के क्रिमिनल हिस्ट्री को खंगाला गया है। उसके खिलाफ आजमगढ़ जनपद के देवगांव कोतवाली में वर्ष 2016 में एक किशोरी का अपहरण करने, बलात्कार सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। इसी मामले में वह जेल भी गया था। कोविड प्रोटोकाल का उल्लंघन करने पर भी उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। पूछताछ में पिता श्याम यादव ने बताया कि विजय ने बीकॉम तक पढ़ाई की है।

## खबर संक्षेप

### जमीनी विवाद में घर में घुसकर मारपीट तोड़फोड़

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के मदारी गांव में जमीनी विवाद को लेकर घर में घुस कर मारा पीटा गया तथा बाइक तोड दी गई। भुक्तभोगी ने थाने में तहरीर दे कर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा के मदारी गांव निवासी जगदीश सिंह पुत्र स्वर्गीय विजयपाल सिंह के मुताबिक वह अपने दरवाजे पर बैठे थे।तभी विपक्षी जमीनी विवाद को लेकर उनसे झगड़ा करने लगे जब वह जान बचा कर घर में घुस गए तो घर में घुस कर उन्हें मारा पीटा गया और घर के बाहर खडी बाइक तोड दिया गया। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। जगदीश सिंह ने राहुल सिंह, राम आसरे सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### मामूली बात पर महिला को पीटा

**मऊआइमा।** मामूली बात को लेकर पड़ोसियों ने महिला को मारा पीटा । महिला ने थाने में तहरीर दे कर तीन के खिलाफ केस करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के जमखुरी गांव निवासनीय रीता देवी पत्नी ज्ञानि गौतम का आरोप है कि फडोसी से मामूली कहासुनी पर उसे मारा पीटा गया। रीता देवी ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर मुन्नू ,करन ,शुभम के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# पिता के ननिहाल शादी में शामिल होने आए किशोर यमुना में डूबा, कोहराम





अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** क्षेत्र के सेमरीतरहार गांव में अपने पिता के ननिहाल में शादी समारोह में शामिल होने आए एक किशोर की सेमरीतरहार गांव के यमुना घाट पर स्नान करते समय डूबने से मौत हो गई । सूचना परिजनो को हुई तो कोहराम मच गया। शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के लाला का पूरा गांव निवासी अरविंद त्रिपाठी उर्फ गोपाली का ननिहाल लालापुर क्षेत्र के सेमरीतरहार गांव में है। अरविंद के ननिहाल में शादी समारोह था उसी शादी में शामिल होने के लिए अरविंद का छोटा पुत्र यश त्रिपाठी (14) भी परिजनो के साथ शामिल होने के लिए आया था। गुरुवार की सुबह परिजनो के साथ यश त्रिपाठी भी गांव के यमुना घाट पर स्नान करने गया था। स्नान करते करते यश गहरे पानी मे चला गया और डूब गया। काफी देर तक जब यश नहीं दिखा तो साथ गए लोग हैरान हो गए। आनन फानन में उसकी तलाश शुरू की गई तो वह गहरे पानी मे एक घण्टे बाद जा मिला । बाहर निकाला गया तब तक यश का दम निकल चुका था । यश की मौत होने की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। यश त्रिपाठी दो भइयों अमन त्रिपाठी (17) और एक बहन शीतल त्रिपाठी (15) में से सबसे छोटा था। यश के पिता अरविंद त्रिपाठी मुंबई में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं और इस समय मुंबई में ही है। घटना से सेमरी और यश त्रिपाठी के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### बीमारी से तंग आकर किशोर ने लगाई फांसी

**लालापुर।** थाना क्षेत्र के सौनौरी गांव में गुरुवार के दिन एक किशोर ने बीमारी से तंग होने के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। लालापुर थाना क्षेत्र के सौनौरी गांव निवासी संजय केसरवानी का पुत्र विवेक केसरवानी (15) जो कक्षा 9वी का छात्र था । परिजनों ने बताया कि वह काफी दिनों से बीमार चल रहा था । जिससे तंग आकर गुरुवार की दोपहर पंखे के हुक में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली । परिजनों ने देखा तो हड़कंप मच गया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा।

### कच्ची शराब के साथ तीन महिलाएं गिरफ्तार

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने कच्ची शराब के साथ तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 30 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। यह गिरफ्तारी क्षेत्र के ग्राम छतरगढ़ से की गई है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि आबकारी इंस्पेक्टर नीरजा सिंह (बारा), शंकरगढ़ थाने के सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने महिलाआरक्षी लक्ष्मी यादव, मंजरी सिंह, इंद्रजीत यादव कीटीम ने क्षेत्र के ग्राम छतरगढ़ में छापा मारा। इस दौरान कलुइया पत्नी स्व. जोखन (निवासी जरखोरी), फूलकली पत्नी तेरस (छतरगढ़) और झुरिया पत्नी स्व. रामसुमेर (निवासी छतरगढ़) को धर दबोचा। तीनों के कब्जे से 30 लीटर देशी शराब बरामद हुई है। तीनों का चालान भेज दिया गया है।

## न्यूज झरोखा

### परानीपुर गंगा घाट पर पहूंची खनन विभाग की टीम, मचा हड़कंप



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के परानीपुर गंगा घाट पर खनन विभाग की टीम पहुँची तो खनन करने वाले में मचा हड़कंप। बालू रेती में दर्जनों वाहनों को रोककर चेकिंग किया गया। इस दौरान चालक लोग भाग निकले। यहां चेकिंग करने के बाद खनन विभाग की टीम गंगा घाट पहुंची वहां पर टीम को देख तैनात रहे ठेकेदार व अन्य श्रमिक भाग निकले। लगभग एक घंटे तक रही फिर टीम गंगा घाट से निकल रहे बालू का परीक्षण कर मोबाइल में कैद कर लिया। इसके बाद टीम पावर ग्रीड द्वारा लगाए गए उस खंभे के पास पहुंची जहां पर व्यापक पैमाने पर बालू की निकासी कर ली गई। सूत्रों की माने तो पावर ग्रिड के उस खंभे के आसपास बालू निकालने वालों ने भारी मात्रा में बालू का खनन कर रखा है। जिससे पावरग्रिड के खंभे के आसपास खतरा मंडरा रहा है। यहां निरीक्षण करने के बाद टीम वापस चली गई जब तक टीम गंगा घाट पर रही तब तक बालू का खनन बाधित रहा। खनन विभाग अधिकारियों ने कहा कि परानीपुर घाट पर जल्द अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई किया जाएगा। लेकिन क्षेत्रीय लोगो का कहना है कि खनन विभाग की टीम ऐसे ही कितनी बार आये और झूठा आश्वासन देकर चले जाते है। कानूनी कार्यवाही के नाम पर कुछ भी कार्यवाही नही होता हैं। और बालू माफिया अवैध ढंग से बालू का निकासी दिन और रात करते नजर आ रहे हैं।

### विचारों से होता है व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास : पं. विशाल शुक्ला



**मेजा।** जीवन निर्माण में विचारों एवं संगति की बड़ी भूमिका होती है संगत हमारे विचारों का निर्धारण करती है और विचारों से ही हमारे व्यक्तित्व का निर्माण होता है उक्त उद्गार मेजा के भटौती पहाड़ी पर स्थित शुभम कंस्ट्रक्शन के प्रबंधक विचार शील व्यक्ति पं0 विशाल शुक्ला ने एक कथा कार्यक्रम में प्रेस वार्ता के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आप जो करते हैं उसका प्रभाव आपके साथ-साथ आपके संपर्क में आने वाले लोगों पर भी पड़ता है। इसी प्रकार आप के संपर्क में आने वाले दूसरे लोग जो कुछ करेंगे उसका प्रभाव भी आपके व्यक्तिगत जीवन पर अवश्य पड़ेगा। इतना ही नहीं विचार शील व्यक्ति श्री शुक्ला ने यह भी कहा कि चंदन वृक्ष की संगत से सामान्य वृक्षों में सुगंधि आने लग जाती है और दूध की संगत से पानी का भाव भी बढ़ जाता है जीवन में आपका परिवेश आपका संघ आपका समाज आपके जीवन को मूल्यवान अथवा निर्मल बना देता है। उनका मानना है कि दृढ़ संकल्प और पूरा प्रयास करने पर भी अनेकों बार आपको मनवांछित फल प्राप्त नहीं होता आप स्वयं अपने तथाकथित कार्यों के न तो करता ही है और न नियंता आप मात्र एक साधन है आप केवल प्रयास कर सकते हैं पर सफलता के लिए आप उस परमात्मा सर्वोच्च शक्ति पर आश्रित है इसलिए उचित यही है कि आप निष्ठावान हो एवं परमात्मा के शरणागत हो अपनी इच्छा प्रभु की इच्छा में मिला दें ।

# मऊआइमा में स्वच्छ भारत मिशन की स्थलीय जांच करने पहुंचे अधिशासी अधिकारी

### डीएम के निर्देश पर शौचालयों, तालाबों सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण



अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** जिलाधिकारी के निर्देश पर लालगोपालगंज के अधिशाषी अधिकारी संतोष कुमार वर्मा व डीपीएम आशीष चतुर्वेदी मऊआइमा नगर पंचायत के स्वच्छता मिशन, तालाबों, कूडा डंपिंग आदि का निरीक्षण किए। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का स्थलीय निरीक्षण करने लाल गोपालगंज के अधिशाषी अधिकारी संतोष वर्मा ,डीपीएम आशीष चतुर्वेदी पहुंचे तथा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किए। नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में घूम कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिए। और मॉडल स्कूल स्थित पिंक सार्वजनिक शौचालय सहित अन्य सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण करने के बाद तालाबों की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किए। यही नहीं ग्राम गढचम्पा में बने कूडा डंपिंग ग्राउंड और एम आर एफ सेन्टर का भी निरीक्षण किए। वार्डों की सफाई व्यवस्था को देख फोटो आदि खिंच कर कैद कर लिए। इस अवसर पर मऊआइमा के अधिशाषी अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्रा, वरिष्ठ लिपिक हीरालाल , कम्प्यूटर ऑपरेटर आशीष कपूर ,मोहम्मद आजम ,सफाई नायक कुल्लू आदि नगर पंचायत मऊआइमा कार्यालय के जिम्मेदारान मौजूद थे।,नगर पंचायत मऊआइमा के सभी कार्यों को देख कर वह खुशी का इजहार किये।और चले गये।

### फर्जी वकील के खिलाफ मुकदमा दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

**मेजा।** पीड़ित महिला ने कथित फर्जी वकील के खिलाफ मेजा थाने में मुकदमा दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित महिला कोरांव थाना क्षेत्र की पसना गांव निवासी काजल सोनकर पत्नी इन्द्रजीत सोनकर ने तहरीर में उल्लेख किया है कि 3 जून को उसके पति की जमानत कराने के नाम पर वकील की कोट पहन कर अपने को वकील बताकर दो हजार रूपए मेजा थाना क्षेत्र के बरवा निवासी राजू सोनकर ने ऐंठ लिए तथा जमानत के नाम पर सोने चांदी का जेवर ले लिए और जमानत भी नहीं करवाया। जब मै अपना रुपया च जेवर मांगने लगी तो 7 जून को मुझसे मारपीट की। माँ बहन की भद्दी भद्दी गालिया व जान से मारने की धमकी दी।उसने एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र को तहरीर देकर बताया कि राजू सोनकर वकील नहीं है।वकील की कोट पहन कर बिना किसी डिग्री के फर्जी वकील बनकर विधि व्यवसाय कर रहा है।पीड़ित ने एसीपी से अपना रुपया व जेवर की मांग को लेकर तहरीर दी।एसीपी ने पीड़ित महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक मेजा राजेश उपाध्याय को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिया।मेजा पुलिस ने एसीपी के निर्देश पर पीड़ित महिला की तहरीर पर मेजा थाने में कथित फर्जी वकील के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# समूह की महिलाओं ने बैंक मैनेजर के ऊपर लोन न देने पर लगाया आरोप

### बड़ौदा यूपी के मैनेजर द्वारा समूह की महिलाओं को किया जा रहा परेशान साशन और प्रशासन से लगाई गुहार

अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** मांडा प्रयागराज में मामला बड़ौदा यूपी बैंक चिलबिला मांडा प्रयागराज का है। जहाँ पर चकडीहा गांव के गंगा समूह की महिलाओं ने बैंक मैनेजर के ऊपर लोन के नाम पर परेशान करने और बैंक के कई बार चक्कर लगाने का गंभीर आरोप लगाया गया हैं। गंगा समूह की अध्यक्ष नेहा देवी, सचिव रंजू देवी, कोषाध्यक्ष गीता देवी कुशवाहा ने बड़ोदा यूपी बैंक चिलबिला के मैनेजर आलेख जैन और बैंक कलर्क प्रतिमा गुप्ता के ऊपर यह आरोप लगाया गया हैं कि सटे डॉक्युमेंट कम्प्लीट होने के बाद भी समूह के खाते में मैनेजर के द्वारा ड़ेढ लाख रुपया की धन राशि डाल दी गयी। लेकिन समूह की महिलाओं को लोन नही दिया जा रहा है। ब्लॉक प्रबंधक परियोजना अधिकारी विवेक तिवारी द्वारा प्रस्तावना को प्रमाणित करके दिया गया फिर भी बैंक मैनेजर लोन ना देकर महिलाओं को बैंक के चक्कर कटवा रहे हैं। महिलाओं का कहना है जब कागजात सही नहीं थे तो किस आधार पर समूह के खाते में डेढ़ लाख रुपए की लोन स्वीकृत की गई । कुछ कमी होती तब पैसा खाते में नहीं आता। खाते में पैसा आने के बाद मैनेजर आलेख जैन द्वारा महिलाओं को धमकी दी जा रही है की समूह का खाता मैं बंद कर दूंगा । इस तरह से महिलाओं को बैंक के दो-दो, तीन-तीन महीने चक्कर काटने पड़ते हैं फिर भी उन्हें समूह का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जहां पर एक तरफ योगी सरकार महिलाओं के स्वरोजगार और सशक्तिकरण पर जोर दे रही है वहीं दूसरी तरफ नीचे के कर्मचारी और अधिकारी महिलाओं का शोषण करने और परेशान करने पर लगे दाए हैं।

# ग्राम पंचायत अल्हवा में मनरेगा पार्क सहित पंद्रह परियोजनाओं का लोकार्पण

### कोरांव विधान सभा की मनरेगा से निर्मित विकास कार्यों को उप मुख्य मंत्री ने किया एक साथ उद्घाटन




अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** उप मुख्य मंत्री एवं ग्राम्य विकास मंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज में पूरे जिले की तरह कोराव विधान सभा की डेढ़ दर्जन परियोजनाओं का एक साथ उद्घाटन किया। पूरे जनपद में मात्र एक कोराव विधान सभा के ग्राम पंचायत अल्हवा में निर्मित मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा 14,31लाख रुपए की लागत से निर्मित मनरेगा पार्क का तथा महुली सचिवालय भवन अनुमानित लागत 13,55 लाख ,ग्राम बंसीपुर में सविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय का बौंद्रीवाल लागत 18,92 लाख रूपए,ग्राम धोब हट , लागत 12,33 नेवढ़िया पाल,में 12,12 लाख रुपए की लागत से चेकडैम का निर्माण तथा खीरी में अमृत सरोवर 30 लाख की लागत,भलुहा में 28,52 लाख की लागत से तैयार सप्लीमेंट्री न्यूटीसीएन प्रोडक्शन यूनिट का निर्माण , जादीपुर में पक्की नाली का 11 लाख की लागत से एवम मैलहा में भी 11 लाख की लागत से निर्मित और कुदर में 9,8 लाख की लागत से नाली निर्माण बदौर ग्राम में पक्की नाली निर्माण लागत 8 लाख तथा मानपुर में इंटरलाकिंग मार्ग का निर्माण लागत 9 लाख रुपए बहियारी की तीन परियोजनाओं क्रमशः चेकडैम,अमृतसरोवर,पंचायत भवन का निर्माण क्रमशह 13 लाख,16 लाख,8 लाख रुपए की लागत से निर्मित योजनाओं का उद्घाटन विधायक कोरांव राजमणि कोल,सांसद डाक्टर रीता जोशी,एमएलसी डा के पी श्रीवास्तव आदि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। जिसमे जिले के डीएम सहित तमाम अधिकारी और योजनाओं के लाभार्थी मौजूद रहे।

# असुविधा से बचने के लिए समय से बिल जमा करें उपभोक्ता : प्रांजल मिश्रा

### एसडीओ प्रांजल मिश्रा के नेतृत्व में ग्रामीण उपभोक्ताओं की समस्या का हुआ निराकरण



विधुत शिकायत निवारण कैंप में उपभोक्ताओं की समस्या सुनते अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** विधुत उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के उद्देश्य से गुरुवार को तिसौरा गांव में एसडीओ प्रांजल मिश्रा के निर्देशन में शिकायत निवारण महा कैंप का आयोजन किया गया है। कैंप में आठ उपभोक्ताओं के विधुत बिल में संशोधन करने के साथ ही तीन खराब मीटरों को बदलने का काम किया गया। इस दौरान विधुत बिल की समय से अदायगी न करने वाले 35 उपभोक्ताओं पर कार्रवाई करते हुए उनके विधुत कनेक्शन का विच्छेदन भी किया गया। ग्रामीणों की विधुत से सम्बन्धित समस्या को सुनते हुए एसडीओ प्रांजल मिश्रा ने कहा की विधुत विभाग आपको बेहतर सेवा देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उपभोक्ता समय से अपना बिल जमा कर एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि देश हित में हम सबको समय से बिल की अदायगी करनी चाहिए साथ ही अनावश्यक विधुत का उपयोग करने से भी बचना चाहिए। इस दौरान 100 केवीए ट्रांसफार्मर की डोर टू डोर काबिंग भी की गई। कैम्प में अवर अभियंता अशोक कुमार, संबंधित फिडर के लाइनमैन,मीटर रीडर टीम के साथ ही दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जसरा में एचटी लाइन का खंबा झुका दुर्घटना को दे रहा है दावत



**जसरा।** क्षेत्र के एक गांव में वर्षो पूर्व लगा बिजली का खंबा तिरछा हो गया है। जिसके कारण ग्रामीण खम्भे के पास से गुजरने से भयभीत हो रहे हैं। वहीं खेतों की ओर लोग नहीं जा पा रहे हैं। विकास खंड जसरा के तातारगंज गांव में वर्षो पूर्व लगा 11000 किलो वाट की लाइन के लिए लोहे का खम्भा लगाया गया था। जो खेतों के बीच से होकर गुजरता है। पिछले कुछ दिनों से तेज हवाओं के चलने के कारण बिजली का पोल तिरछा हो गया है। बिजली का हाईटेंशन तार नीचे की ओर आजाने के कारण लोगों में भय ब्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली का यह खम्भा किसी भी समय धराशाई हो सकता है। जिसकी चपेट में जानवर और इंसान आ सकते हैं। किसी बड़ी अनहोनी की आशंका से ग्रामीण खेतों की ओर नहीं जा रहे हैं। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग के लोगों को इस बारे में कई बार बताया गया लेकिन बिजली विभाग के लोग इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। जिससे किसी भी दिन दुर्घटना हो सकती है।

### भवन निर्माण की मजबूती का आधार है गुणवत्ता पूर्ण सीमेंट



**सहसों।** सीमेंट की गुणवत्ता पर भवन निर्माण की मजबूती का आधार होता है। जांची परखी शोधित अच्छी सीमेंट ही भवन निर्माण की मजबूती का बल और पूर्ण कणी मानी जाती है। उक्त बातें जय मां शारदा सीमेंट एजेंसी गारापुर में डालमिया सीमेंट के इंजीनियर दुर्गेश त्रिपाठी ने राजमिस्त्रीयों के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा किसी भी निर्माण के लिए बालू , सीमेंट, कंक्रीट तथा पानी के साथ गुणवत्ता परक सीमेंट बहुत ही जरूरी होता है। इंजीनियर दुर्गेश त्रिपाठी ने कहा कि इसके अतिरिक्त सभी वस्तुओं के मिश्रण का सही अनुपात भी भवन के निर्माण में मजबूती के लिए आवश्यक है। उन्होंने डालमिया सीमेंट में उपस्थित विभिन्न पदार्थों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि निर्माण कार्य के लिए यह सीमेंट प्रयोगशाला में जांचा परखा गया है। जो किसी भी भवन के लिए लंबी अवधि के साथ मजबूती प्रदान करता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक प्रोपराइटर जयशंकर शुक्ला एवं आशीष शुक्ला ने डालमिया सीमेंट के इंजीनियर एवं अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार जताया। इस अवसर पर राजमिस्त्रीयों को प्रशिक्षण के उपरांत उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर डालमिया सीमेंट से जन्मेजय पांडे, अजय दीक्षित ने भी डालमिया सीमेंट की गुणवत्ता पर प्रकाश डालते हुए राजमिस्त्रीयों को निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस मौके पर राजमिस्त्री बसंत लाल पटेल, विश्वनाथ भारतीया, बुधराम आदि प्रशिक्षित होते हुए उपस्थित रहे।

# सहसों बाजार का मुख्य मार्ग जर्जर राहगीर परेशान समस्याओं से विमुख हुए जिम्मेदार



अखंड भारत संदेश

**सहसों।** राहगीरों के परेशानी का सबब बनता जा रहा है सहसों बाजार का मुख्य मार्ग का अति क्षतिग्रस्त हो जाना। बाजार का मुख्य मार्ग सहसों बाईपास से लेकर बीच बाजार स्थित केसरवानी धर्मशाला तक पूरी तरह से खस्ताहाल हो चुका है। जिससे चार पहिया, दो पहिया, साइकिल से चलना तो दूर पैदल चलना भी दुश्वार हो रहा है। ऐसे में छोटे-छोटे स्कूली छात्र छात्राओं को अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जबकि बीच बाजार में ही भारतीय स्टेट बैंक की शाखा, भारतीय डाकघर, एक इंटर कॉलेज, दो जूनियर स्कूल के साथ गले की मंडी, थोक सब्जी की मंडी लगने से हमेशा ग्राहकों स्कूली बच्चों एवं राहगीरों का आवागमन बना रहता है। जिसकी वजह से पैदल राहगीर साइकिल, मोटरसाइकिल सवार हमेशा गिरकर चोटिल होते रहते हैं। खास बात तो यह है कि पूरे सहसों बाजार में लाखों की लागत से बनी पक्की नालियां चोक हो जाने से जल निकासी ना होने के कारण बरसात के मौसम में पूरा मार्ग तालाब में तब्दील होकर क्षतिग्रस्त हो जाती है। जिससे आम जनमानस में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है। इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान सहसों विष्णू केसरवानी का कहना है कि हमने कई बार जनप्रतिनिधि यानी कि क्षेत्रीय विधायक एवं सांसद को मौखिक तथा लिखित प्रार्थना पत्र दिया परन्तु आश्वासन के अलावा अभी तक कुछ नहीं मिला। सहसों निवासी चंद्र प्रकाश केसरवानी ने बताया कि जल निकासी एवं सड़क निर्माण ना होने से हल्की बारिश में भी सड़क तालाब बन जाती है। गर्मी के मौसम में इतनी धूल उड़ती है कि बाजार वासियों को बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं बाजार निवासी उमाशंकर का कहना है कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि में ग्राम प्रधान भी आता है ग्राम प्रधान की उदासीनता से हम सब जल निकासी की समस्या से जूझ रहे हैं। बरसात सर पर है परन्तु अब तक सहसों ग्राम सभा की कोई भी बनी पक्की नाली की सफाई नहीं हो पाई है जिसमें ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत भी बेपरवाह उदासीन दिखाई दे रहा है। जिससे उचित जगह पर जल निकासी हो सके। ग्राम वासियों का कहना है कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद भी गांव सभा के नम्बरी तालाबों की सफाई ना होने की वजह से जल निकासी की समस्या और गंभीर बनी हुई है। देखा जाए तो जन समस्या को लेकर जितना दोषी ग्राम प्रधान, विधायक, सांसद हैं उनसे कहीं अधिक दोषी गांव की जनता है जो ऐसे जनप्रतिनिधियों को चुनकर बाद में अपने को ही ठगा सा महसूस करते हैं। अब देखना यह है कि कब तक पक्की नालियों की सफाई, तालाबों की सफाई एवं सहसों बाजार की खस्ताहाल मुख्य मार्ग का निर्माण हो सकता है।

### उबड़ खाबड़ सड़क पर चलना हुआ दुभर आए दिन होती रहती है दुर्घटना



**उतरांव।** उत्तरप्रदेश सरकार भले ही गड्ढा मुक्त की बात करे लेकिन आज भी विधानसभा प्रतापपुर मे सड़के अपनी हालत पर आंसू बहा रहे हैं। जहाँ इस समय लोग भीषण गर्मी का सामना कर रहे है वहीं राहगीर उबड़ खाबड़ सड़को पर चलने के लिए मजबूर है। साथ साथ सड़को पर मिट्टी की वजह से धूल उड़ रहे है। जिससे आने जाने वाले राहगीरों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। आप को बताते चले की उतरांव क्षेत्र के मदारीपुर से महरूपुर हाईवे सर्विस रोड तक सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे है। वहीं बारीभीट चौराहे से उतरांव प्यागीपुर होते हुए भदवां तक सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आते है। वहीं ग्रामीणों ने बताया की कई बार प्रतिनिधि और जिम्मेदार लोगो को लिखित शिकायत की गई। लेकिन आज तक जिम्मेदार लोग चुप्पी साधे बैठे है। कई बार आने जाने वाले राहगीर गिरकर चोट हिल भी हो गये है। जिससे क्षेत्रवासीयों व ग्रामीणों मे भारी आक्रोश है।

# उपमुख्यमंत्री ने 347 परियोजनाओं का बटन दबाकर किया शिलान्यास/लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गुरूवार को परेड ग्राउंड में आयोजित प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों की कार्यशाला एवं ग्राम विकास विभाग द्वारा संचालित लगभग 52 करोड़ रुपए के लागत से 347 परियोजनाओं का बटन दबाकर शिलान्यास/ लोकार्पण किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उपमुख्यमंत्री जी ने दीप प्रज्जवलन कर किया। आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री जी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 30, मुख्यमंत्री आवास योजना के 20 लाभार्थियों को आवास की चाभी प्रदान किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कार्यशाला में आये हुए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों व जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी गांव, गरीब, किसान, महिलाओं एवं युवाओं की उन्नति के लिए पूरी तरह से समर्पित एवं संकल्पित होकर कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी गरीबों के दुखों-कष्टों को बहुत ही अच्छी तरह से समझते है, इसलिए केन्द्र व राज्य सरकार की हर योजनाओं में ऐसे सभी वर्गों का ध्यान रखा जा रहा है, जिससे उनका विकास हो

## ग्राम विकास विभाग की लगभग 52 करोड़ रुपए लागत की परियोजना



और वे विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके तथा समाज में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ सके। आज गरीबों को पक्का मकान, शौचालय, गैस कनेक्शन, विद्युत कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख तक का मुफ्त इलाज सहित वे सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हो रही है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ है और वे देश के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि घरौनी बनाने का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन को अभियान चलाकर इस कार्य में और तेजी लाये जाने के लिए कहा है। छोटे किसानों की समस्याओं को समझते हुए प्रधानमंत्री जी ने किसान सम्मान निधि योजना शुरू की। इस योजना के माध्यम से किसानों को 6 हजार रुपए वार्षिक धनराशि उपलब्ध करायी जाती है, जिससे वे खेतों के लिए बीज, दवाई व खेती के लिए अन्य जरूरी वस्तुओं का क्रय कर रहे है। उपमुख्यमंत्री ने कार्यशाला में आवास योजनाओं से लाभान्वित हुई महिलाओं से कहा कि उन्हें स्वयं सहायता समूहों से जुड़ना चाहिए। स्वयं सहायता समूहों द्वारा बहुत कम ब्याज पर पैसा मिलता है, जिससे वे अन्य रोजगार शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकती है। उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए कृतसंकल्पित है, जिससे वे भी परिवार की आर्थिक उन्नति में अपना योगदान कर सके। अमृत सरोवर योजना के माध्यम से गांव-गांव में तालाबों का जीर्णोद्धार, सौन्दर्यीकरण एवं किनारे पर वृक्षारोपण कराया जा रहा है। उन्होंने ग्राम वासियों को तालाबों के आस-पास साफ-सफाई, तालाबों का संरक्षण में योगदान करने के लिए कहा, क्योंकि पानी की एक-एक बूंद बहुत कीमती है। इस अवसर पर सांसद भदोही रमेश बिंद ने कहा कि केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूरे हो गये है और इन वर्षों में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में तीव्रगति से विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है। डबल इंजन की सरकार से देश व प्रदेश लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहे है।इस अवसर पर महापौर उमेश चन्द्र (गणेश केसरवानी) ने सभी लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि अपने घर की चाहत सभी की होती है। आज प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में गरीब पात्र लोगो को अपना पक्का मकान मिल पाया है, इससे उनके जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है और वे खुशहाली के साथ जीवन में नई ऊंचाईयों को प्राप्त कर रहे है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार जताया। इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रारम्भ में जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने उपमुख्यमंत्री जी सहित सभी जनप्रतिनिधिगणों तथा कार्यक्रम में आये हुए सभी लोगो का स्वागत करते हुए जनपद में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी, विधायक बारा डॉ0 वाचस्पति, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्य, मा0 विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चैधरी, के0पी0 श्रीवास्तव व श्रीमती निर्मला पासवान, पूर्व महानगर अध्यक्ष अवधेश चन्द्र गुप्ता व अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, अपर जिलाधिकारी नजूल प्रदीप कुमार, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, परियोजना निदेशक अशोक कुमार मौर्या सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रभाकर त्रिपाठी ने किया।

# बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल अब 26 जून को खुलेंगे

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** बेसिक शिक्षा परिषद ने इस भीषण गर्मी में शिक्षकों को भारी राहत देने वाला निर्णय लिया है 15 जून से खुलने वाले बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल अब 26 जून को खुलेंगे सचिव प्रताप सिंह बघेल ने ग्रीष्मकालीन बढ़ाने के संबंध में आदेश जारी कर दिया है उन्होंने प्रदेश के सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखा है यह आदेश परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के साथ ही परिषद के नियंत्रण में संचालिक विद्यालयों पर भी लागू होगा। सचिव ने जारी किए गए अवने आदेश में कहा है कि परिषदीय विद्यालयों में 20 मई से 15 जून तक कुल 27 दिनों का ग्रीष्मकालीन अवकाश अनुमन्य किया गया था शिक्षा निदेशक बेसिक से प्राप्त अनुमोदन पर बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 20 मई से 15 जून तक की ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि को दिनांक 26 जून (42 ) दिनों तक बढ़ाया जाता है नए आदेश के तहत ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि 20

## भीषण गर्मी में शिक्षकों को बड़ी राहत



मई से 26 जून तक हो गई है सचिव के अनुसार नवम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को आयोजित किए जाने के संबंध में निर्देश दिया गया है कि सभी परिषदीय विद्यालयों को 21 जून से एक दिन पहले खुलवाकर साफ सफाई कराकर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाए इस दौरान छात्रों को मिष्ठान्न, फल और शुद्ध पैयजल वितरित किया जाए यह भी कहा है कि 27 जून को विद्यालय खोले जाने से पहले भी विद्यालय की पर्याप्ति साफ सफाई सुनिश्चित कराई जाए।

# शासन की विभिन्न योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिवों को मिला प्रशस्ति पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** परेड ग्राउंड में गुरुवार को ग्राम्य विकास विभाग द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के प्रतीकात्मक चाभी वितरण कार्यक्रम के दौरान जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिवों को जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में डिप्टी सीएम द्वारा सम्मानित किया गया। शासन द्वारा चलाई जा रही योजना आवास, शौचालय व मनरेगा के साथ ही अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले चाका विकास खण्ड के ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार राना व जसरा विकास खण्ड के ग्राम



जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिव अजय राना को प्रशस्ति पत्र देते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

विकास अधिकारी हेमंत सिंह को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व जिलाधिकारी प्रयागराज संजय खत्री ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सांसद, विधायक व अन्य जन प्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में उन्हें यह सम्मान दिया गया। इसके पूर्व भी अच्छे कार्यों के लिए उन्हें जिला स्तरीय अधिकारीयों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**प्रयागराज।** मेजा में दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के दिघिया-गरेथा गांव के समीप रेलवे पटरी पर अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करवाने में जुटी रही। लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।गुरुवार दोपहर दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के दिघिया-गरेधा गांव के समीप डाउन लाइन रेलवे पटरी पर अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई हैं। लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। वहीं सूचना पर दिघिया पुलिस चौकी प्रभारी आशीष कुमार, उपनिरीक्षक दिनेश रॉय पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करवाने में लगे रहे। लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई।उक्त युवक ट्रेन से गिरा या किसी गांव का है। यह जानकारी भी नहीं हो पाई है। फिलहाल खबर लिखे जाने तक पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर युवक के शव की शिनाख्त करवाने में जुटी रही।

# बेथनी कॉन्वेंट स्कूल की अनुप्रिया शतरंज के खेल में बनी विश्व में नंबर-1 खिलाड़ी

## अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ की तरफ से जून महीने की रैंकिंग लिस्ट की गई जारी

**अखंड भारत संदेश**

नैनी। नैनी में रहने वाली 7 साल की अनुप्रिया यादव शतरंज में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बन गई है। अनुप्रिया ने 1307 अंको के साथ विश्व में नंबर वन पोजिशन हासिल कर देश का मान बढ़ाया है अनुप्रिया नैनी स्थित बेथनी कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा 2 की छात्रा है। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ की तरफ से जून महीने की रैंकिंग लिस्ट जारी की गई है। जिसमें उत्तर प्रदेश की बेटी अनुप्रिया ने 1307 अंक हासिल कर देश का नाम रोशन किया है उन्होंने विश्व में नंबर एक पोजिशन हासिल की है वहीं फ्रांस की बूनी नंबर-2 पर है तीसरे नंबर पर बांग्लादेश की वारिसा हैदर और चौथे नंबर पर इंग्लैंड की नवी कोनारा को जगह मिली है वहीं पांचवा स्थान भारत की रहने वाली संस्कृति यादव ने हासिल किया है उन्हें 1223 अंक मिले हैं अनुप्रिया को स्कूल की तरफ से दी



जाएगी स्वकॉलरशिप इस उपलब्धि को लेकर बेथनी कॉन्वेंट स्कूल ने अनुप्रिया और उसकी बहन को सम्मानित किया बेथनी कान्वेंट स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर शमिता ने घोषणा की है अनुप्रिया को स्कूल की तरफ से स्कॉलरशिप दी जाएगी साथ ही साथ उसके बेहतर भविष्य के लिए हर सार्थक प्रयास स्कूल प्रशासन करेंगा बेथनी कॉन्वेंट स्कूल के खेल शिक्षक मो. साबिर ने कहा कि खिलाड़ियों को स्कूल स्तर पर सही मार्गदर्शन मिलना चाहिए ताकि वे खुद को निखार सकें प्रत्येक बच्चे में विशेष क्षमता होती है यह क्षमता पहचान करना कोच का कर्तव्य है अनुप्रिया ने स्कूल के साथ-साथ शहर और देश का नाम रोशन किया मेरी कामना है कि वह अपने जीवन में अपना सर्वश्रेष्ठ हासिल करें।

# नैनी नए यमुना ब्रिज पर भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक

**अखंड भारत संदेश**

नैनी। नैनी नए यमुना पुल की मरम्मत का कार्य एक जून से शुरू है इसलिए 3 महीने तक भारी वाहनों की आवाजाही पर पूरी तरह से रोक लगी हुई है लेकिन लेप्रोसी चौराहा और बांगड़ धर्मशाला चौराहे की तरफ ड्यूटी करने वाले पुलिस वाले अपनी सुविधानुसार रात के अंधेरे में वनवे चल रहे नए पुल से भारी वाहनों को अपनी परमिट पर चलवा रहे है जिसमें गिट्टी का व्यवसाय करने वाले पासर गैंग के लोग भी शामिल है इसी वजह से रात में 9:30 के बाद नया पुल पूरी तरह से जाम हो जाता है जिसको लेकर मौके पर लोगों में किचकिच भी होती है करीब 23 साल पुराने नए यमुना ब्रिज की मरम्मत काक शुरू है फ्रांसीसी कंपनी इस पुल के मरम्मत का कार्य करा रही है। इसके लिए बकायदा जिला प्रशासन से परमिशन लेकर के 1 जून से अगले 90 दिन तक के लिए पूर्ऱे नए पुल को वनवे किया गया है जाम की समस्या न उत्पन्न हो, इसलिए नए पुल से भारी वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है इसके बावजूद स्थानीय चौराहे पर तैनात पुलिस वाले पासर गैंग के साथ मिलकर रात के अंधेरे में पूरी रात भारी वाहनों को नए पुल से

## पुलिसिया परमिट पर भारी वाहनों का आवागमन जारी, ट्रकों की लाइन लगवा कर कराया जा रहा पास



गुजारने में मशगूल रहते है इससे मोटी कमाई भी हो रही है। ट्रक पास कराने वाले माफिया ट्रकों की लाइन लगाकर भारी वाहनों को पास करा रहे हैं विरोध करने वालों के साथ मारपीट की जाती है ट्रक पास कराने वाले गिरोह ने बुधवार की रात पुल से ट्रक गुजारने का विरोध करने वाले दो लोगों के साथ मारपीट की जान से मारने की धमकी भी दी जिसकी वजह से लेप्रसी चौराहे पर अच्छा खासा हंगामा खड़ा हो गया था रात में पुलिस वालों की मौजूदगी में बकायदा गुंडई के बल पर ट्रकों की लाइन लगाकर पास करा रहा है जो कोई विरोध करता है उसे मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी जाती है कार सवार पासर गैंग के लोगों ने दो लोगों से की मारपीट बुधवार की रात में नैनी के रहने वाले रामजी केशरवानी और विनोद केसरवानी के साथ ऐसी घटना हुई भुक्तभोगियों का कहना है कि वह दोनों जमा में फंसे हुए थे। ट्रकों की लंबी लाइन लगी थी। वहां मौजूद पुलिस वालों से उन लोगों ने पूछा कि आखिर जब भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित है, तो फिर इन ट्रकों को क्योंकु पास कराया जा रहा है। इस पर कार से चल रहे कुछ लड़के उतरे और उनके साथ गाली- गलौज करने लगे विरोध करने पर दोनों लोगों की जमकर पिटाई कर दी गई। बाद में पुलिस वालों ने जाकर उन्हें बाहर कर दिया इस संबंध में राम जी का कहना है कि उन्होंने थाने में शिकायती पत्र दिया है एसीपी अर्जीत सिंह चौहान का कहना है कि नए पुल पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है जब पूर्ण रूप से प्रतिबंध है, तो किन परिस्थितियों में ट्रकों का आवागमन जारी है यह जांच का विषय है जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# नैनी औद्योगिक क्षेत्र में डाक्टर का फार्म हाउस कब्जा करने की कोशिश

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र में डाक्टर का फार्म हाउस कब्जा करने की कोशिश डॉक्टर एके बंसल की पत्नी और जीवन ज्योति हॉस्पिटल की निदेशक स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. वंदना बंसल ने औद्योगिक क्षेत्र थाने में एक व्यक्ति के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी और जमीन कब्जा करने की एफआईआर दर्ज कराई है जिसकी पुलिस जांच कर रही है यमुनानगर के औद्योगिक क्षेत्र थाना में दी गई तहरीर के मुताबिक बाई का बाग, कीडगंज की रहने वाली डॉ. वंदना बंसल का औद्यगिक क्षेत्र के मदनुआ उपरहार, अरैल में एक फार्म हाउस है जिस पर उनके कर्मचारी काम करते हैं अर्पित हॉस्पिटल के नाम से बने इस फॉर्म हाउस का मालिकाना हक इसके पहले उनके पति डॉ. एके बंसल का था उनकी हत्या के बाद इस

## डा. वंदना बंसल ने कराई एफआईआर, मारपीट, गाली-गलौज व धमकी देने का आरोप



फार्महाउस की देखरेख एवं मालिकाना हक की जिम्मेदारी डॉ वंदना बंसल पर आ गई डॉ वंदना बंसल के अनुसार इंद्र बहादुर उर्फ पूरन यादव पुत्र मोहनलाल निवासी अजवईया, औद्योगिक क्षेत्र एक आपराधिक प्रकृति का आदमी है वह उनके फार्म हाउस पर जाकर कर्मचारियों से मारपीट करता है फार्म हाउस कब्जा करने की कोशिश करता है उनका आरोप है कि पिछले दिनों इंद्र बहादूर ने उनकी बाउंड्रीवाल पर लगे खंभे उखाड़ कर फेंक दिए दीवार तोड़कर फार्म हाउस की जमीन जबरन कब्जा करने की कोशिश कीवहां कार्यरत कर्मचारियों ने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी डॉ. वंदना बंसल के अनुसार इंद्र बहादुर से उनका कोई न तो पहले विवाद रहा है और न अभी ही है इसके बावजूद वह गुडई के बल पर उनकी अचल संपत्ति कब्जा करना चाहता है जिससे वह बहुत परेशान हैं। वहां काम करने वाले लोगों के साथ वह मारपीट करता है और धमकी देता है। उनकी शिकायत पर औद्योगिक थाने में आरोपी इंद्र बहादुर के खिलाफ धारा 323, 504, 506 और 427 आईपीसी के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जिसरकी विवेचना पुलिस कर रही है इंडस्ट्रियल एरिया थाने के एसआई अतुल कुमार ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# तहसीलदार के गुंडे ड्राइवर ने होमगार्ड के साथ की मारपीट

**प्रयागराज।** बारा तहसील के तहसीलदार के ड्राइवर की गुंडागर्दी खुलकर सामने आई है उसने होमगार्ड के साथ तहसील में मारपीट की है तहसील परिसर में होमगार्ड को पीटे जाने के बाद मामला सुर्खियों में आ गया है मारपीट की वजह क्या है इस मामले में कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है तहसील परिसर में लोग न्याय की उम्मीद लेकर तहसील जाते हैं लेकिन अब वहां पर गुंडागर्दी होने लगी है तहसीलदार का ड्राइवर गुंडागर्दी पर उतर आया है आखिर योगीराज में तहसील में अब लोगों को कैसे न्याय मिलेगा खबर लिखे जाने तक गुंडागर्दी करने वाले ड्राइवर के विरुद्ध तहसीलदार ने मामले को स्वतः संज्ञान लेकर अभी तक गुंडागर्दी करने वाले अपने ड्राइवर पर कार्रवाई नहीं की है जिससे तहसीलदार की भूमिका भी सवालों के घेरे में खड़ी हो रही है पीड़ित होमगार्ड ने तहसीलदार के गुंडे चालक की कहानी मीडिया से बताई है इतना ही नहीं होमगार्ड के साथ मारपीट के दौरान चालक ने उसकी वर्दी फाड़ दी है ड्यूटी के दौरान यह गुंडागर्दी का मामला है और चारों ओर तहसीलदार के ड्राइवर की कड़े शब्दों में निंदा हो रही है । बारा तहसील परिसर में होमगार्ड को पीटे जाने की जानकारी जैसे ही अन्य होम गार्डों को लगी है लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया है और तहसीलदार के चालक की कड़े शब्दों में निंदा की है घटना के बाद से बारा तहसील क्षेत्र के अन्य होम गार्डों में आक्रोश व्याप्त है बताया जाता है कि तहसीलदार की लापरवाही से उनके ड्राइवर का मनोबल लंबे समय से बढ़ा हुआ है अवैध वसूली में भी तहसीलदार का ड्राइवर लिप्त बताया जा रहा है अभी तक तहसीलदार ने अपने ड्राइवर के विभिन्न अपराध को स्वतः संज्ञान लेकर उस पर कार्यवाही नहीं किया है आखिर तहसीलदार अपने चालक से इतना बिजी क्यों रहते हैं चचाओं पर जाए तो तहसीलदार की अवैध वसूली का पूरा हिसाब किताब चालक के पास है जिससे अवैध कमाई का लेखा-जोखा कही सार्वजनिक न हो जाए इसलिए तहसीलदार चालक से पंगा नहीं लेना चाहते हैं होमगार्ड को पीटे जाने का यह मामला बेहद गंभीर है जिला अधिकारी और आयुक्त प्रयागराज मंडल को स्वतः संज्ञान लेकर मामले में कार्रवाई किए जाने की जरूरत है ।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं प्रसून सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासी ,मठारी खम्हरिया भदोही का निवासी हूं। मेरी माता का सही नाम प्रमिला सिंह है जो उनके शैक्षिक अभिलेखों, आधार कार्ड, पैन कार्ड में अंकित है। त्रुटि वश मेरे हाईस्कूल अंक प्रमाण पत्र में मेरी माता का नाम रूमा सिंह अंकित हो गया जो गलत है। सही नाम प्रमिला सिंह है।

# टिफिन बैठक में मंत्री नन्दी ने कार्यकताओं के साथ किया भोजन

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी में आयोजित टिफिन बैठक में सम्मिलित होते हुए कुछ इसी तरह से कार्यकताओं और पदाधिकारियों केऔर क्या हाल है पांडेय जी आज टिफिन में क्या लाए हैं, अरे वाह नेनुआ की सब्जी वो भी कोढ़ौड़ी वाली, मुझे बहुत पसन्द है। सिंह साहब आप तो तहरी, दही और आम की चटनी लाए हैं, ये लीजिए आप मेरे टीफिन से थोड़ा सा दाल, चावल और भिंडी की सब्जी ले लीजिए, मैं थोड़ी तहरी और दही, चटनी ले लेता हूं... उत्तर प्रदेशर सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने गुरुवार को नैनी में आयोजित टिफिन बैठक में सम्मिलित होते हुए कुछ इसी तरह से कार्यकताओं और पदाधिकारियों के साथ भोजन करते हुए संवाद किया उपस्थिति में इसी तरह के संवाद और एक-दूसरे से बांट कर भोजन करते हुए बुधवार को नैनी के आटीआई कॉलेज परिसर में प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा की टिफिन बैठक हुई। जिसमें मंत्री नन्दी और निवर्तमान महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने

## कोई लेकर आया पूड़ी-सब्जी तो कोई ले आया तहरी या खिचड़ी, मंत्री नन्दी भी दाल, चावल, रोटी और भिंडी की सब्जी टिफिन में लेकर बैठक में पहुंचे



स्वाद के साथ संगठन के पदाधिकारियों व देवतुल्य कार्यकताओं के साथ संवाद किया।

संगठन की मजबूती एवं कार्यकताओं से संवाद के लिए भाजपा की सांगठनिक बैठक अक्सर होती रहती है, लेकिन बुधवार को मंत्री नन्दी की अध्यक्षता में नैनी के आईटीआई कॉलेज परिसर में आयोजित सांगठनिक बैठक बिल्कुल अलग थी। इस बैठक में शामिल कार्यकताओं और पदाधिकारियों के साथ ही निवर्तमान महापौर और मंत्री नन्दी स्वयं अपने घर में तैयार भोजन को टिफिन में लेकर पहुंचे थे। टिफिन बैठक में सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित केंद्र सरकार के सफलतम नौ वर्ष पूरे होने पर जहां कार्यकताओं को बधाई दी गई। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में हुए ऐतिहासिक कार्यों पर चर्चा हुई। मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत अपने खोए हुए वैभव को न सिर्फ हासिल कर रहा है, बल्कि आर्थिक रूप से मजबूती के साथ विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है। मंत्री नन्दी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 और 2019 के बाद अब 2024 में भी केंद्र में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। जिसके लिए हम सभी को राष्ट्रहित में कार्य करते हुए प्रधानमंत्री के हाथों को और मजबूत करना है कार्यकताओं से संवाद के बाद मंत्री नन्दी ने संगठन पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ बैठ कर अपना टिफिन खोला। जिसमें वे दाल, चावल, रोटी और भिंडी की सब्जी लेकर पहुंचे थे। मंत्री नन्दी ने कार्यकताओं के साथ अपने टिफिन के भोजन को बांटा। यहीं नहीं मंत्री नन्दी ने कार्यकताओं द्वारा लाए गए टिफिन से अलग-अलग तरह के भोजन लेकर सभी के साथ भोजन का आनन्द लिया। मंत्री नन्दी के साथ ही निवर्तमान महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने भी कार्यकताओं को भोजन परोसा। सभी ने एक परिवार की तरह बैठक भोजन किया। मंत्री नन्दी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी ही नहीं बल्कि सबसे बड़ा परिवार है। जहां एक-एक कार्यकर्ता का महत्व और सम्मान है इस अवसर पर निवर्तमान महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ ही भाजपा महानगर उपाध्यक्ष अनिल केसरवानी झल्लर, मण्डल, महिला मोर्चा यमुनापार जिलाध्यक्ष श्रीमती सविता शर्मा, मण्डल अध्यक्ष नैनी दिलीप केसरवानी, मण्डल अध्यक्ष मुट्ठीगंज किशोरी लाल जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष चौक दिनेश विश्वकर्मा, हरिकृष्ण तिवारी, राजेश तिवारी, विनोद तिवारी, गुरू प्रकाश, विजय गिरी, समर बहादुर सिंह, रजत दुबे, रितेश शुक्ला, अभिषेक सिंह, गीता श्रीवास्तव आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## आवश्यकता है

भवन्स मेहता स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भरवारी, कौशाम्बी में, स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत, सत्र 2024-25 में संचालित होने वाले पाठ्यक्रम/विषय में, असिस्टेंट प्रोफेसर की आवश्यकता है।

प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज यू.जी.सी. परिनियमावली एवं शासनादेशों के अनुरूप निर्धारित योग्यता (यू.जी.सी. नेट / पी.एचडी.) रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थी सादे कागज पर आवश्यक शैक्षिक अभिलेखों सहिंत आवेदन करें।

**बीकाम- पदों की संख्या 03**

अर्ह अभ्यर्थी उक्त पदों हेतु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 21 दिन के अन्दर आवेदन पत्र भवन्स मेहता स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भरवारी, कौशाम्बी-212201 के कार्यालय में पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित कर सकते हैं। अनुभवी अभ्यर्थियों को वरीयता प्रदान की जायेगी।

प्राचार्य

# प्रभारी मंत्री ने नवनिर्वाचित अध्यक्षो एवं सभासदों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया

## केन्द्र एवं प्रदेश सरकार ने व्यापारियों को सम्मान और सुरक्षा देने का कार्य किया: प्रभारी मंत्री

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तुलसीसदन (हादीहाल) में आयोजित व्यापारी सम्मेलन एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष नगर पालिका/नगर पंचायत एवं सभासदगणों के स्वागत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन कर किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष/सभासदगणो को बधाई दी। उन्होने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार ने व्यापारियों को सम्मान और सुरक्षा देने का कार्य किया है जिसमें 25 करोड़ जनता सुरक्षित महसूस कर रही है और हमारा उत्तर प्रदेश 06 वर्षो में मॉडल प्रदेश के रूप में विकसित हुआ है। व्यापारियों की सुरक्षा व सम्मान के लिये केन्द्र एवं प्रदेश सरकार निरन्तर प्रयत्नशील रहेगी। इस देश व प्रदेश में रहने की गर्व की अनुभूति होती है। उन्होने कहा कि कोविड-19 के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा अनेकों प्रकार की सुविधायें दी गयी थी। प्रभारी मंत्री ने नवनिर्वाचित अध्यक्षों एवं सभासदों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, नगर पालिका परिषद बेल्हा अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, पूर्व विधायक धीरज ओझा ने केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर व्यापारियों एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सभासदों को सम्बोधित किया। इस दौरान व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में भाजपा जिला प्रभारी नागेन्द्र रघुवंशी, शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, राघवेंद्र शुक्ला पवन गौतम, अशोक मिश्रा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मंजीत सिंह सहित पदाधिकारी व नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सभासद व पार्टी के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे। इसके पहले प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री/जनपद के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण गृह पहुॅचे। यहां पर जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने प्रभारी मंत्र को बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों से भी विचार-विमर्ष किया।



हादीहाल में आयोजित कार्यक्रम में बोलते प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल।

# कोर्ट परिसर में गोलीबारी से नाराज लालगंज के वकीलों ने किया विरोध प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोर्ट परिसर मे दिनदहाडे गोलीबारी की घटना को लेकर गुरूवार को यहां भी वकीलों मे आक्रोश देखा गया। लखनऊ की जिला अदालत मे कोर्ट रूम तक बेखौफ गोलीबारी को वकीलों ने कानून व्यवस्था के लिए बेहद चिंताजनक कहा है। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई मे वकीलों ने लखनऊ अदालत परिसर मे हुई घटना को लेकर पुलिस व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वकीलों ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम प्रदेश मे फौरन लागू किये जाने की मांग को लेकर सीएम को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा।

ज्ञापन मे सभी अदालतो व कोर्ट परिसर में अनिवार्य रूप से सुरक्षा एवं सीसी कैमरे की निगरानी की मांग की गयी है। यहां हुई आमसभा को संबोधित करते हुए आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि जिला अदालतो तथा आउटलाइन कोर्टो व तहसील परिसर की सुरक्षा की मौजूदा स्थिति बेहद लचर है। उन्होने सरकार से कहा कि विधानसभा सचिवालयों तथा संसद की सुरक्षा व्यवस्था की भांति सभी अदालतो की सुरक्षा के लिए सरकार अलग से न्यायिक सुरक्षा बल का गठन करे। उन्होने हाल ही मे प्रतापगढ़ जिला कचेहरी परिसर में भी आरोपी द्वारा चाकू से हमले को देखते हुए अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन से कडी सतर्कता के प्रबन्धों की मांग की। इसके बाद अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी तथा उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह व महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल की संयुक्त अगुवाई मे वकीलों ने तहसीलदार न्यायिक सुप्रिया चतुर्वेदी को ज्ञापन सौपा। इस मौके पर पूर्व महामंत्री प्रमोद सिंह, संतोष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, बेनीलाल शुक्ल, संतोष सिंह, शिव नारायण शुक्ल, प्रभाकर पाल, दिनेश सिंह, अजय शुक्ल, शिवाकांत शुक्ल, आदि अधिवक्ता रहे।

## पाइपलाईन लीक होने से झुलसी वृद्धा, रेफर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रसोई गैस की पाइप लीक होने से वृद्धा गंभीर रूप से झुलस गयी। सांगीपुर थाना क्षेत्र के देउम पश्चिम भूसुरपुर में गुरूवार को सुबह सावित्री देवी 75 अपने पैतृक घर में रहती है। सावित्री देवी के पुत्र रवीन्द्र तिवारी लखनऊ मे दरोगा पद पर तैनात है। गुरूवार की सुबह सावित्री गैस चूल्हे पर नाश्ता बना रही थी कि अचानक सिलेण्डर पाइप मे लीकेज आ गया। इससे वहां आग फैल गयी। सावित्री आगजनी मे झुलस गयी। आननफानन मे इलाज के लिए उन्हें सांगीपुर सीएचसी लाया गया। गंभीर स्थिति देख चिकित्सकों ने झुलसी वृद्धा को लखनऊ बर्न यूनिट रेफर कर दिया।

# पुरानी पेंशन की मांग को लेकर कर्मचारी ने भरी हुंकार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच के संयोजक राधेमोहन मिश्र व रमाषंकर तिवारी की विज्ञप्ति के अनुसार राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष व प्रदेष संयोजक पुरानी पेंषन बहाली मंच हरिकिषोर तिवारी ने कर्मचारी षिक्षक अधिकारी पेंषनर को बुधवार की देर रात सम्बोधित करते हुए कहा कि पेंषन हमारा अधिकार है।

उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि इसे विडम्बना ही कहा जाएगा कि कुछ प्रदेषों में ओपीएस को सही मानते हैं और कुछ प्रदेशों में ओपीएस को आर्थिक बोझ समझाकर कर्मचारियों को देने में बाधक बन रहे हैं। हमारी मांग है कि वन नेषन वन पेंषन लागू होना चाहिये। अलग-अलग प्रदेषों में अलग अलग पेंषन योजना लागू करना कर्मचारियों, षिक्षकों के लिये न्याय संगत नहीं है। उन्होंने कहा कि इन्हीं सब विषमताओं को लेकर आगामी 27 जून को लखनऊ में षिक्षक, कर्मचारी पुरानी पेंषन बहाली को लेकर एक बड़ी रैली करेंगे। पेंषन बहाली की समस्या का समाधान तभी संभव है जब समस्त कर्मचारी संगठन मिलकर एक साथ मंच पर अपनी मांग उठाएंगे। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंषन बहाली संयुक्त मंच के आंदोलन को आषातीत परिणाम मिल रहे हैं क्योंकि इस मंच के राष्ट्रीय संयोजक षिव प्रकाष मिश्र को भारत सरकार ने पेंषन वार्ता के लिये सुझाव हेतु आमंत्रित किया है। सभा में राजेष मोहन मिश्र, मनोकानिका, कृष्णलाल शर्मा, मनोज मिश्र, विश्राम सिंह, शाह आलम, राजेष कुमार, हरिकेष कुमार, राजेष यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## 27 जून को लखनऊ में महारैली में भाग लेने का आहवान

# ग्राम प्रवास के तहत सांसद ने मदाफरपुर में सुनी जनसमस्याएं

## प्रवास के दौरान प्रभात फेरी निकाली, किया वृक्षारोपण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सांसद संगम लाल गुप्ता ने अपने तीस दिवसीय ग्राम प्रवास के दौरान ग्राम मदाफरपुर के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जन समस्याओं के निस्तारण में बोलते हुए कहा कि छोटी-छोटी समस्याओं का आपसी तालमेल बिठाकर हल निकालना हमारी प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि काम प्रवास के दौरान हमने पाया कि केवल आपस में तालमेल के अभाव में छोटी समस्याओं को लेकर लोग तहसील और थानों के चक्कर लगाकर अपने जीवन को नष्ट कर रहे हैं। जिन्हें अपने बच्चों की परवरिश करनी चाहिए वह मुकदमों के पीछे भाग रहे हैं । यही कारण है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी आज सुलह समझौतों और लोक अदालतों के आयोजन कर लम्बित मामलों के निस्तारण पर बल दे रहा है। उन्होंने कहा कि लम्बित मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार सुलह समझौतों से होना चाहिए किंतु गांव में शिक्षा और संस्कार और आपसी तालमेल के अभाव में लोग मुकदमों का अंबार लेकर दर दर की ठोकरें कहा रहे हैं। इस अवसर पर राजस्व के 22, पुलिस के 3, विद्युत के 11, सड़क के पांच, जल निगम के तीन,विधवा पेंशन के 2, किसान सम्मान निधि के 25, बैंकों से संबंधित 10, और आवास से संबंधित पांच मामलों में कुछ के स्थल पर ही निस्तारण किए गए तथा जमीनी विवाद में जबरन कब्जा न देने के प्रकरण में पुलिस एवं राज्य की संयुक्त टीम गठित कर तिथि निर्धारित करते हुए उन्हें प्रत्येक दशा में वास्तविक कब्जा दिलाए जाने भरोसा दिलाया गया। प्रवास के दौरान प्रभातफेरी, योगाभ्यास, बृक्षारोपण, श्रमदान, स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ, निःशुल्क पुस्तकों का वितरण, इंटरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र वितरण एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित कर आयुष एवं एलोपैथिक चिकित्सकों द्वारा कुल 539 लोगों का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर उन्हें दवायें उपलब्ध कराई गईं। प्रवास के दौरान सांसद द्वारा मनरेगा में सौ दिन कार्य करने वाले कुशल कारीगरों को साइकिल भी प्रदान करते हुये स्वच्छता से जुड़े कर्मियों का सारस्वत सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी मंगरौरा निशा त्रिपाठी, यसडीओ विद्युत पंकज कुमार राठौर, थानाध्यक्ष कोहड़ौर प्रदीप कुमार, विवेक उपाध्याय, सोनू जायसवाल प्रधान मदाफरपुर, पप्पू जायसवाल, अभिषेक पाण्डेय, नीरज मिश्र, संजय पाण्डेय, शेर बहादुर सरोज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से राम प्रकाश पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।



मदाफरपुर में जनसुनवाई करते सांसद संगम लाल गुप्ता।

# मां ज्वालामुखी देवी धाम का पांच दिवसीय शीतला सप्तमी का मेला शुरू

## एसडीएम कुण्डा की अध्यक्षता में हुई मंदिर की चढ़ोत्तरी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** ऐतिहासिक व पौराणिक सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम मानिकपुर का पांच दिवसीय शीतला सप्तमी मेला गुरुवार से भारी सुरक्षा ब्यवस्था के बीच प्रारम्भ हुआ जिसमे बुधवार को मंदिर की चढ़ोत्तरी की नीलामी कुंडा उपजिलाधिकारी एव मंदिर ट्रस्ट उपाध्यक्ष सतीशचंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस दौरान पांच लोग नीलामी प्रक्रिया में शामिल हुए जिसमे बोली लगाने वाले शिवधारी साहू पुत्र मैकूलाल साहू, महेश सोनकर पुत्र बंशीलाल सोनकर, मनोज कुमार पुत्र शंभू नाथ, शैलेश सिंह यादव पुत्र रामानंद यादव, बुधई लाल यादव पुत्र श्री छेदीलाल यादव बोली में शामिल हुए। सरकारी बोली 50000 रखी गई थी। इस दौरान अंतिम बोली शिवधारी ने 62000 लगाई, उसके बाद किसी ने बोली नहीं लगाई। 62000 में 5 दिवसीय मेले की मंदिर चढ़ोत्तरी की नीलामी संपन्न हुई।

इस प्रकार शिवधारी साहू की अंतिम बोली रही तथा वह पांच दिवसीय मेले की चढ़ावा की नीलामी प्राप्त करेंगे। मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव ने बताया कि शीतला सप्तमी का पांच दिवसीय मेला गुरुवार से प्रारंभ हुआ जो 12 जून तक चलेगा। संचालन पुजारी गंगा प्रसाद शुक्ला ने किया। नीलामी के दौरान उपजिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी, मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पांडे, मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव, सदस्य त्रिभुवन नाथ यादव, अनिल मौर्या, फूलचंद यादव, दुर्गा प्रसाद यादव, महेश कुमार यादव, राजकुमार यादव, दशरथ लाल यादव, रामहेतु यादव, अजय मिश्रा, आकाश कसेरा, छेदीलाल विश्वकर्मा, समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



शीतला सप्तमी मेले पर मौजूद एसडीएम कुण्डा।

## बाइक की टक्कर से चार जख्मी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आमने सामने बाइक की टक्कर से चार लोग जख्मी हो गए। एक को गंभीर चोट आई। घायलों को मौजूद लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। पट्टी तहसील क्षेत्र के अरैला गांव के गोविंद सिंह (59) गुरुवार को पट्टी किसी काम से आए थे वह पट्टी नगर स्थित पुरानी टॉकीज के सामने पहुंचे थे, तभी हर्रईपट्टी गांव धीरज पुत्र राजपति अपने मामा सूर्यनारायण तथा बहन शीला को बैठाकर बाइक से सामने से गोविंद सिंह को टक्कर मार दी जिससे चारों बुरी तरीके से जख्मी हो गए। एंबुलेंस के लिए फोन करने पर काफी देर बाद जब एंबुलेंस नहीं आई तो मौजूद लोगों ने ई रिक्शा की मदद से चारों घायलों को पट्टी नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भेजा।

# संतोष दुबे एक अच्छे मिलनसार व्यक्ति थेः प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज्य सभा सांसद नेता विरोधी दल प्रमोद तिवारी स्वर्गीय संतोष दुबे पूर्व सभासद को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने उनके निवास पर पहुंचे। इस दौरान पारिवारिक जनों तथा उनके पुत्र गौरव, सौरभ को ढांढस बंधाया। अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए प्रमोद तिवारी ने कहा कि संतोष जी के जाने से जो अपूरणीय क्षति हुई है उसकी भरपाई नहीं हो सकती। वह एक बहुत ही मिलनसार व्यक्ति थे। इस अवसर पर पंडित श्याम किशोर शुक्ला अध्यक्ष ग्रामीण विद्यालय प्रतापगढ़, डॉ लाल जी त्रिपाठी, डॉ प्रशांत देव शुक्ला, सुरेश पांडे नेताजी, गिरजेश तिवारी, डॉक्टर नीरज त्रिपाठी, राजा तिवारी प्रबंधक, विश्वम प्रकाश पांडे उप संपादक अवधदूत, हैप्पी सिंह, इरफान अली प्रिंस सहित अन्य कई संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे।



संतोष दुबे के चित्र पर माल्यार्पण करते प्रमोद तिवारी।

# वर्षो से अधूरा पड़ा है नगर पंचायत का सामुदायिक शौचालय

## स्वच्छता अभियान पर फिर रहा है पानी, खुले में शौच जाने को लोग मजबूर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सरकार एक तरफ स्वच्छता अभियान के माध्यम से लोगो को जागरूक कर रही है, वहीं नपं में वर्षो से अधूरा पड़ा सामुदायिक शौचालय शासन की मंशा पर पानी फेरने में लगा हुआ है। स्थानीय नगर पंचायत स्थित पूरे हरिकशन के लोगो को खुले में शौच न जाना पड़े इस लिए यहां लगभग एक वर्ष पहले सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य शुरू कराया गया। हालत यह है कि वर्षो समय बीत जाने के बाद भी कार्यदायी संस्था कार्य को पूर्ण नही करा सकी।

नगर का यह गांव लखनऊ-वाराणसी एनएच पर स्थित है। शौचालय निर्माण से नगरवासियों के साथ ही राहगीरों को भी इसका लाभ मिलता। अधूरे पड़े सामुदायिक शौचालय की वजह से वार्ड के लोगो को खुले में शौच जाना एक मजबूरी है। लोगों की मानें तो इस समस्या को लेकर कई बार शिकायत भी की गई लेकिन जल्द पूर्ण कराने का हर बार आश्वासन ही मिला है। नगर पंचायत के अधिकारी अपने दायित्वो के प्रति कितने जिम्मेदार है इसी से अंदाजा लगा सकते है। नगर पंचायत के अधिकारियो की लापरवाही की वजह से जहां लोगो को शौच के लिए परेशानियो का सामना करना पडा रहा है, वहीं सरकार के स्वच्छता मिशन की मंशा पर पानी भी फिर रहा है। इस संबंध में ईओ पद्मजा मिश्रा से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने कोई जवाब नही दिया।



लालगंज के पूरे हरिकिशन में वर्षो से पड़ा अधूरा सामुदायिक शौचालय।

## किशोरी के अपहरण को लेकर केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के खण्डवा, जलेसरगंज निवासी अजय कुमार शर्मा पुत्र रामसजीवन ने दी गई तहरीर मे कहा है कि छः जून को सुबह छः बजे उसकी पुत्री मुस्कान 16 घर से निकली किन्तु वापस नही लौटी। परेशान पिता ने अप्रिय घटना की आशंका में पुलिस को तहरीर दी।

# मारपीट की घटना में दोनों पक्षों के तीन दर्जन से अधिक आरोपियों पर केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विवाह के लिए बनाए गए मण्डप को उखाडने को लेकर दो पक्षों मे मारपीट हो गयी। मारपीट की घटना में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों से जुडे आधा दर्जन से अधिक आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के लखनसूरपुर निवासी रामअवध सरोज के पुत्र मनोज कुमार ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बुधवार को सुबह नौ बजे विपक्षियों ने घर पर बने वैवाहिक मण्डप को उखाड दिया। विपक्षी गांव के महेन्द्र सरोज, महन्त, रामसजीवन व शिववीर सरोज ने विरोध करने पर पीडित के साथ गालीगलौज करते हुए घर मे घुसकर लाठी डंडे से मारपीट की। इसमे कई लोगों को चोंटे आ गयी। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। वहीं दूसरे पक्ष के महन्त सरोज की पत्नी अमरावती ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के विपक्षी मनोज, पारसनाथ, विजय, रामअवध, अनुपम व धीरज ने एकराय होकर उसके घर घुसकर लाठी डंडे से हमला बोल दिया। हल्लागुहार मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षो की तहरीर पर केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है, जांच कर दोषियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## ओवरलोड ट्रकों से परियावां-लवाना मार्ग की सीसी सड़क हो रही क्षतिग्रस्त

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** एक तरफ केंद्र सरकार लिंक मार्ग को सीसी सड़क बनाने के लिए लाखों रुपये खर्च कर रही है तो दूसरी तरफ परियावां-कालाकांकर रेलवे स्टेशन मे खुले गिट्टी की डम्प करने मे भरत कूप से डम्फर मे लादकर आने वाले ओवरलोड ट्रको से सीसी सड़क की क्षमता से अधिक गिट्टी लादकर स्टेशन पर गिट्टी को डम्प किया जा रहा है जिससे परियावां-लवाना मार्ग मे दो साल पूर्व बनी सीसी सड़क पाइकगंज बाजार मे जगह जगह क्षतिग्रस्त होना शुरू हो गई है। ओवरलोड गिट्टी से लदी डम्फर ट्रको के सीसी सडक से गुजरने पर सडक ऊपर नीचे लोच खाती दिखाई दे रही है। भरत कूप से ओवरलोड ट्रको से गिट्टी की ढुलाई मे लगे ट्रको पर जनपद प्रतापगढ़ व जनपद कौशाम्बी के आरटीओ मेहरबान दिखाई दे रहे है तभी तो खुलेआम फरार्टे मार रहे हैं। इतना ही नही कौशाम्बी गंगापुल के दोनो तरफ पिकेट पुलिस चैकी नवाबगंज व कौशाम्बी पुलिस भी मेहरबान दिखाई पड़ती है जिनको रोकते टोकते नही तो जिससे साफ जाहिर होता है कि कही न कही पुलिस भी शामिल है। स्थानीय लोगो ने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए नवागत जिलाधिकारी प्रकाशचन्द श्रीवास्तव से ओवरलोड ट्रको पर अंकुश लगाने की पुरजोर मांग की है ताकि बची खुची सीसी सडक क्षतिग्रस्त होने से बच सके।

## श्री सांई नाथ के दसवें भण्डारे में उमड़े श्रद्धालु, चखा प्रसाद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर चैक के समीप गुरूवार को रायबरेली रोड पर ऊँ श्री सांई नाथ जी का दसवां परम्परागत भण्डारा सोल्लास सम्पन्न हुआ। भण्डारे में सांई प्रतिमा के समक्ष सांई भक्तों ने दीप प्रज्ज्वलन तथा आरती पूजन किया। कार्यक्रम के संयोजक युवा समाजसेवी आशु कौशल ने श्री सांई नाथ की महिमा का बखान करते हुए भण्डारे का उददेश्य लोक कल्याण की मंगलकामना बताया। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी भी भण्डारे मे पहुंचे व श्री सांई नाथ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शीश झुकाये। भण्डारे मे सांई नाथ संकीर्तन मे भी भक्तों को मंत्रमुग्ध देखा गया। देर शाम तक अनुयायियों व नगर के व्यापारियों तथा राहगीरों ने पंक्तिबद्ध होकर भण्डारे मे प्रसाद चखा। कार्यक्रम के संयोजन में शंकर मोदनवाल, मनमोहन यादव, शिक्षक राजीव कौशल, रामू मोदनवाल, सभासद आशीष कौशल, प्रदीप कौशल व आनन्द कौशल का प्रबंधन मे सराहनीय योगदान देखा गया। इस मौके पर शत्रुघ्न शुक्ल, विपिन यादव, कमलेश कौशल, ज्ञानचंद्र मोदनवाल, रमेश कौशल, उदयशंकर दुबे, धीरेन्द्रमणि शुक्ल, विजय कौशल, डा. ओमप्रकाश जायसवाल आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### महेवाघाट पुलिस ने तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त बृजमोहन पुत्र प्रेम यादव निवासी नादिन कुर्मियान थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को हरिभजन बाबा मन्दिर के पास शाहपुर से गिरफ्तार कर अभियुक्त की जमातलाशी से एक अदद तमंचा 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

### दुष्कर्म का अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस बल द्वारा वाछित अभियुक्त बृजेन्द्र सिंह उर्फ रामजी यादव पुत्र धनराज सिंह यादव निवासी मखऊपुर थाना पिपरी को जलालपुर के आगे समदा रोड से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

# ब्रिटिश हुकूमत के आतंक अत्याचार को पीछे छोड़ गई भरवारी चौकी पुलिस

## मस्जिद से लाउडस्पीकर और हार्न उतारने पर विरोध के बाद पुलिस ने युवक की कर दी पिटाई, मस्जिद के अंदर जूता पहनकर पहुंच गए थे दरोगा और सिपाही

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** भरवारी पुलिस चौकी के सिपाहियों ने ब्रिटिश हुकूमत की याद ताजा करा दी है रूह कपा देने वाले अत्याचार की सारी हदें पार कर निर्दोष पर चौकी पुलिस के वीर योद्धाओ ने लाठियां बरसाई है मामला मस्जिद में लाउडस्पीकर उतारने गई पुलिस जूता पहनकर मस्जिद के अंदर घुस गई जिस पर लोगों ने विरोध किया इसी बात पर चौकी पुलिस को वर्दी का जुनून आ गया और चौकी पुलिस के जांबाज योद्धाओं ने ब्रिटिश हुकूमत की याद दिलाते हुए निर्दोष पर लाठियां बरसा कर अपनी वीरता का प्रदर्शन किया। कोखराज थाना क्षेत्र के दरवेशपुर गांव में मस्जिद के अंदर लगे लाउडस्पीकर और हार्न को उतारने गई थाना कोखराज अन्तर्गत पुलिस चौकी भरवारी के सिपाहियों की दबगंई मारपीट की शर्मनाक



गांव पहुंची पुलिस

घटना के बाद गांव के लोगों में रोष ब्याप्त है बुधवार की रात्रि लगभग 8 बजे भरवारी पुलिस चौकी के दरोगा मनीष पाल सिपाही दीपक कुमार और विनीत कुमार के साथ दरबेशपुर गांव के मस्जिद में पहुचे और मस्जिद के अंदर परिसर में लगे लाउडस्पीकर हार्न खोलने लगे मौके पर मौजूद जुनैद बावू ने लाउडस्पीकर और हार्न खोलने पर एतराज जताया कि जूते पहन कर क्यों मस्जिद में घुसे हो और हार्न से तो धीमी आवाज में मस्जिद परिसर में आजान होती है युवक की टोका टाकी और सवाल करने से भन्नाई भरवारी चौकी पुलिस के सिपाहियों ने उसे जानवरों की तरह डंडा से पिटाई करते हुए मानवता की सभी हदें पार कर दिया है युवक को बेरहमी से पीटे जाने से लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया और गुरुवार को कई लोग पुलिस अधीक्षक से मिले पुलिस की पूरी कहानी बताते हुए कार्यवाही की मांग की है ग्रामीणों के फरियाद पर एसपी ने निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है गुरुवार को गांव एलआईयू टीम जांच करने पहुंची है जहां ग्रामीणों ने पुलिस के अत्याचार की कहानी बताई है।

# राजनैतिक और प्रशासनिक स्थितियों पर पूर्व विधायक ने की सीएम से चर्चा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कौशाम्बी जिले की प्रशासनिक स्थितियों और राजनैतिक स्थितियों पर चायल के पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने के बाद चर्चा की काफी देर तक पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता और मुख्यमंत्री की राजनैतिक और प्रशासनिक स्थितियों पर मुख्यमंत्री से चर्चा होती रही जिले के तमाम स्थितियों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व विधायक संजय गुप्ता से जानकारी ली। पूर्व विधायक चायल संजय गुप्ता गुरुवार को लखनऊ पहुंचे और उन्होंने उत्तर प्रदेश के



मुख्यमंत्री से मुलाकात कर वार्ता करते पूर्व विधायक संजय गुप्ता

मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने जिले की प्रशासनिक एवं राजनैतिक स्थितियों पर चर्चा परिचर्चा की पूर्व विधायक संजय गुप्ता की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चर्चा के बाद जिले में हलचल तेज होने की संभावना है।

### मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी आर0एस0 पाल ने अवगत कराया हैं कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत बढ़ती बेरोजगारी के कारण शहरों में पलायन को रोकने के लिए शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जनपद को 12 इकाईयों का लक्ष्य धनराशि रू0 60.00 लाख व रोजगार 240 प्राप्त हुआ है। इस योजनान्तर्गत बेरोजगार नवयुवक/नवयुवतियों को स्वरोजगार स्थापना के लिए ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये हैं। योजना विनिर्माण/सेवा क्षेत्र के लिये अनुमन्य है, इसकी प्रोजेक्ट कास्ट सीमा अधिकतम 10 लाख रू0 है। ग्रामीण क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने के लिए इच्छुक महिला/पुरूष जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष हो, वेबसाइट पर दिनांक 30 जून 2023 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। परियोजना लागत के सापेक्ष बैंक द्वारा वितरित किये गये टर्म लोन पर सामान्य वर्ग को 4 प्रतिशत ब्याज स्वयं वहन करना पड़ेगा और आरक्षित वर्ग को पूंजीगत ऋण पर ब्याज विभाग द्वारा देय होगा। अधिक जानकारी कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कक्ष सं0-44, विकास भवन, मंझनपुर से प्राप्त की जा सकती है।



## लखनऊ कोर्ट में हुई हत्या के बाद कौशांबी में एसपी ने की न्यायालय की सघन जांच

### जिला जज एव बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**कौशाम्बी।** लखनऊ कोर्ट में हुई घटना के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जनपद न्यायालय के बार अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों को साथ लेकर न्यायालय परिसर का भ्रमण किया गया हवालात व कन्ट्रोल रुम कक्ष का निरीक्षण कर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे डीएफएमडी एचएचएमडी व हैण्ड सेट की उपलब्धता व क्रियाशीलता को चेक किया गया अन्त में जिला जज व बार के पदाधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में मीटिंग की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी यातायात मंझनपुर निरीक्षक प्रज्ञान व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**कौशाम्बी।** जिला प्रोबेशन अधिकारी नीरज कुमार की अध्यक्षता में जन शिक्षा संस्थान, मंझनपुर में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग द्वारा प्रायोजित एवं आर0एस0 ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट उ0प्र0 द्वारा आयोजित महिला एवं बालिका सशक्तीकरण उत्थान व विकास के लिये बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महिला मिनी मैराथन में 60 बालिकाओं, सशक्त बेटियां जागरूकता रैली में 70 बालिकाओं एवं रंगोली प्रतियोगिता के अन्तर्गत 30 बालिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर महिला शक्ति केन्द्र के महिला कल्याण अधिकारी श्रीमती पूनम पाल, जिला समन्वयक श्रीमती उमा साहू एवं श्रीमती अंजू द्विवेदी के द्वारा बालिकाओं की संख्या में कमी आने के मुख्य कारणों एवं बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना के उद्देश्यों, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, विभागीय योजनाओं एवं रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की जिससे अधिक से अधिक लोग जागरूक हों बालिकाओं के प्रति लोगों की परम्परागत रूढिवादी सोच को बदला जा सके, और घटते लिंगानुपात को व्यवस्थित किया जा सके। महिला सशक्तीकरण उत्थान व विकास के लिए संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया इस अवसर पर संरक्षण अधिकारी अजीत कुमार विपिन कुमार, महिला कल्याण अधिकारी पूनम पाल एवं जिला समन्वयक, संस्था संचालक सहित अधिक संख्या में बालिकायें एवं महिलायें उपस्थित रही।

### एएसपी की पहल पर 4 दंपतियों ने किया सुलह समझौता

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी के मार्गदर्शन के आधार पर परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी उपनिरीक्षक चुन्नी यादव ,कॉन्स्टेबल वीरेंद्र कुशवाहा, महिला कॉन्स्टेबल पूनम के माध्यम से 8 प्रार्थना पत्र की काउंसलिंग के दौरान 04 जोड़ों की परिवारिक विवाद से सबंधित उनकी समस्याओं को सुनते हुए उनकी खुद की सहमति से सुलह समझौता कराया गया जिसमें दोनों पक्षों के द्वारा एक दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि अब हम नव जीवन की नई शुरूआत करते हुए अपनी जीवन की नई शुरूआत करेंगे।

# सवारी से भरी अप्पे को तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर एक की मौत

## दुर्घटना के बाद वाहन समेत ट्रक चालक मौके से फरार होने में रहा सफल

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग हाइवे के जायसवाल ढाबा के सामने पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार ट्रक ने आगे जा रही सवारियों से भरी अप्पे को जोरदार टक्कर मार दिया टक्कर इतनी तेज थी कि अप्पे सावर छिटककर सड़क पर गिर पड़े इस हादसे में कई लोग घायल हो गए हैं मामले की सूचना पाते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बचाव एवं राहत के कार्य में लग गए मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटनाक्रम के मुताबिक गुरुवार की दोपहर बाद सैनी चौराहे से सवारी लेकर अप्पे मूरतगंज बाजार जा रहा था जैसे ही अप्पे कोखराज थाना क्षेत्र के जयसवाल ढाबे के पास पहुंचा पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने अपने को टक्कर मार दिया है जिससे अप्पे के परखच्चे उड़ गए हैं अप्पे में सवार सवारियां घायल हो गई हैं मौके पर कोहराम मच गया है हादसे की जानकारी



मिलते ही आसपास मौजूद लोग घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव एवं राहत कार्य में लगे हैं मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंची है और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है हादसे में मुन्नी लाल सरोज उम्र 55 वर्ष पुत्र स्वा चौबे लाल सरोज निवासी कोखराज की मौके पर ही मौत हो गयी चालक व अन्य कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं गंभीर हालत में घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर रोते बिलखते पहुंच गए हैं।

# महिला हेल्पडेस्क जनसुनवाई को और अधिक बनाएं प्रभावशाली : एसपी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय में जनतादर्शन में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गई इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा समय-समय

## पुलिस कार्यालय में एसपी ने की जनसुनवाई



पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में शिकायत कर्ताओ से फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से इतनी दूर पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो, साथ ही सभी प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

# संयुक्त जिला चिकित्सालय के पर्ची पर एआरटीओ कार्यालय में बनाए जा रहे फर्जी तरीके से मेडिकल प्रमाण पत्र

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** संयुक्त जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों की भी स्थिति बेहद निराली है जिला अस्पताल से सादे पर्चे में मोहर दस्तक कर सादा पर्चा एआरटीओ कार्यालय भेजा जा रहा है जहां दलाल सादे पर्चे पर मेडिकल प्रमाण पत्र बनाकर एआरटीओ ऑफिस में वाहनों के रजिस्ट्रेशन ड्राइविंग लाइसेंस वाहन स्वामी का नाम पंजीकरण नाम ट्रांसफर आदि कार्यो में धड़ल्ले से प्रयोग कर रहे हैं जिससे एआरटीओ के जुमार्ने से वह बच रहे हैं और सरकार को चूना लगा रहे हैं इस फर्जी तरीके से मेडिकल प्रमाणपत्र के आड़ में कुछ रुपयों का लाभ जिला अस्पताल के कर्मियों और चिकित्सकों को भी मिल रहा है एआरटीओ कार्यालय की सैकड़ों पत्रावली में जिला अस्पताल का यह फर्जी मेडिकल प्रमाण पत्र लगाकर वाहन स्वामियों ने गलत तरीके से लाभ उठाया है लेकिन जिला अस्पताल के पर्चे पर जारी किए जाने वाले मेडिकल प्रमाण पत्र की गंभीरता को अभी तक अधिकारियों में संज्ञान लेकर दलाल संबंधित लिपिक और दोषी चिकित्सक पर मुकदमा नहीं दर्ज कराया है जिससे एआरटीओ की भी भूमिका सवालों के घेरे में उत्पन्न हो रही है जिला अस्पताल के पर्चे पर एआरटीओ कार्यालय के बाहर कई दलालों द्वारा फर्जी मेडिकल प्रमाण पत्र बनाए जाने का यह खेल लंबे समय से बेखौफ तरीके से बेरोकटोक चल रहा है और एआरटीओ कार्यालय के सामने कई दलालों के यहां भारी संख्या में संयुक्त जिला चिकित्सालय का पर्चा मुहर हस्ताक्षर सहित मिल सकता है लेकिन अभी तक दलालों के यहां मुहर हस्ताक्षर लगा सादा पर्चा की जांच कराने की कोशिश आला अधिकारियों ने नहीं किया है आखिर संयुक्त जिला चिकित्सालय का सादा




पर्चा हस्ताक्षर मुहर सहित एआरटीओ कार्यालय में कैसे पहुंच रहा है जिससे वहां संयुक्त जिला चिकित्सालय का मुहर हस्ताक्षर किया हुआ सादा पर्चा हर समय मिल जाता है यह बड़ी जांच का विषय है एआरटीओ कार्यालय में दलालों द्वारा फर्जी मेडिकल प्रमाण पत्र बनाए जाने के खेल को बंद कराए जाने की जरूरत है आखिर संयुक्त जिला चिकित्सालय का वह कौन सा मनबढ़ चिकित्सक है जो कुछ रुपयों के लालच में सादे पर्चे पर हस्ताक्षर मुहर लगाकर एआरटीओ कार्यालय के दलालों तक पहुंचा रहा है उसे बेनकाब करने की जरूरत है क्षेत्र के लोगों ने डीएम सीएमओ का ध्यान आकृष्ट कराते हुए फर्जी तरीके से मेडिकल प्रमाण पत्र बनाए जाने के गोरखधंधे को बंद कराकर दोषियों को बेनकाब करने की मांग की है इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से उनके मोबाइल फोन पर बात करने का प्रयास किया गया लेकिन काफी प्रयास के बाद उन्होंने फोन नहीं उठाया जिससे उनका पक्ष नहीं जाना जा सका है इस संबंध में जब मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से फोन पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला बेहद गंभीर है लेकिन सबूत के अभाव में कार्यवाही नहीं की जा सकती है।

## न्यूज झरोखा

### सीएम महंत योगी के 52वें जन्मदिवस पर विश्व हिंदू महासंघ ने निकाली रैली

**कौशाम्बी।** विश्व हिंदू महासंघ कौशाम्बी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ जी के 52 जन्म दिन के अवसर पर हनुमान चालीसा का पाठ कर नगर पालिका मंझनपुर में भव्य भगवा यात्रा निकाली।विश्व हिंदू महासंघ जनपद गोरक्ष पीठाधीश्वर परम पूज्य महंत योगी आदित्यनाथ का जन्म उत्सव का कार्यक्रम जिला कार्यालय ओसा चौराहा में हनुमान चालीसा एवं हवन पूजन के उपरांत भगवा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी प्रयाग नागेश्वर प्रसाद मिश्र जिलाध्यक्ष कौशाम्बी राजकुमार त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष हिमांशु उपाध्याय आदि लोग मौजूद रहे मातृशक्ति प्रकोष्ठ कौशाम्बी सोनिया राजपूत, संगठन मंत्री देवेंद्र तिवारी,विश्व दीप, निरंजन प्रसाद ,मोहन कुमार,श्याम सिंह भदौरिया,दीपक मिश्रा,संजय कुमार मिश्रा,ज्ञान स्वरूप,मनोज केसरवानी के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ



### निर्विरोध होगा नामांकन 6 प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

#### जिला सहकारी फेडरेशन संचालक मण्डल के डायरेक्टर पद के लिए नामांकन शुरू 13 को होगा अध्यक्ष पद का चुनाव

**कौशाम्बी।** जिला सहकारी फेडरेशन डीसीएफ के लिए डायरेक्टर पद के लिए गुरुवार को मंझनपुर स्थित पीसीएफ के जिला कार्यालय में नामांकन निर्धारित था जिसके लिए कुल 6 डायरेक्टर के पदों के लिए 6 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया, किसी भी प्रत्याशी के विरोध में कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ है इसलिए यह तय माना जा रहा है। यह सभी छह प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित होंगे। जबकि अध्यक्ष पद के लिए 13 जून को चुनाव तिथि नियत की गई है।



### जन शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित हुआ वाद विवाद प्रतियोगिता

**कौशाम्बी** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनभागीदारी जी 20 प्रशिक्षण केंद्र मदूकी चरवा में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के निर्देशक राजकुमार पांडे ने जनभागीदारी जी 20 के तहत दिनांक 1 जून 2023 से 15 जून 2023 तक सभी कार्यक्रमों के बारे में तथा जनभागीदारी जी-20 के उद्देश्य पर विस्तृत चर्चा किया तथा सभी लाभार्थी द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता कराई गई सभी लाभार्थियों ने पक्ष एवं विपक्ष दोनों पक्षों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी बृजेंद्र मिश्रा राजू शुक्ला पूजा यादव सुधा प्रीति बबिता अनामिका मोहिनी काजल शिवानी सहित लगभग 40 लाभार्थी मौजूद रहे



### एसपी वा एएसपी ने थाना करारी का किया निरीक्षण

**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना करारी का औचक निरीक्षण किया गया। थाना कार्यालय सीसीटीएनएस कक्ष अपराध रजिस्टर मालखाना अन्य रजिस्टरों व अभिलेखों को चेक किया गया एवं उनको अध्यावधिक रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया एवं बैरकों और थाना परिसर के अन्य भवनों का भी निरीक्षण किया गया तथा साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान अन्य अधिकारी मौजूद रहे



### एसपी ने एएसपी सीओ के साथ करारी कस्बे में किया पैदल गस्त

**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा थाना करारी क्षेत्रांतर्गत पुलिस बल के साथ कस्बा करारी में शान्ति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पैदल गश्त किया गया संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की चेकिंग करते हुये लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया दुकानदारों से सड़क पर अतिक्रमण न करने के संबंध में वार्ता की गई साथ ही व्यापारियों से बातचीत कर भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया एवं सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।



### कलेक्ट्रेट एवं तहसीलों में भी प्राप्त कियें जायेंगे वरासत के प्रार्थना-पत्र

**कौशाम्बी** उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने जनपद के समस्त ग्रामों में निर्विवाद उत्तराधिकारी को अभियान चलाकर खतौनियां में दर्ज कराने के निर्देश दियें है। वरासत के लिए दिनांक 15 जून तक ग्रामवार अभियान चलाया जा रहा है। जनपद के समस्त ग्रामों में सम्बन्धित लेखपालों द्वारा खतौनियॉ पढ़ी जायेंगी तथा वरासत के प्रार्थना पत्र प्राप्त किये जायेंगे। इसके साथ ही जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार वरासत सम्बन्धित प्रत्यावेदन प्राप्त किये जाने एवं आमजन की सहायता के लिए कलेक्ट्रेट एवं तहसीलों में काउन्टर खोले गये हैं। कलेक्ट्रेट में कक्ष सं0-20 भूलेख अनुभाग में काउन्टर खोला गया है, जिसके प्रभारी वासुदेव त्रिपाठी मो0नं0-9670045085 है। तहसील मंझनपुर के कक्ष संख्या-15 रजिस्ट्रार कार्यालय में काउन्टर खोला गया है, जिसके प्रभारी आनन्द केसरवानी मो0नं0-7651917852 है। इसी प्रकार तहसील सिराथू के कक्ष संख्या-15 रजिस्ट्रार कार्यालय में काउन्टर खोला गया है, जिसके प्रभारी महन्त लाल मो0नं0-9506388563 तथा तहसील चायल के कक्ष संख्या-17 रजिस्ट्रार कार्यालय में काउन्टर खोला गया है, जिसकी प्रभारी श्रीमती अनामिका सिंह मो0नं0-9554698771 है।

### मंझनपुर पुलिस के हत्थे चढ़ा वांछित अभियुक्त

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त समद पुत्र शमीमउद्दीन निवासी रामपुर बसोहरा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

### 06 किग्रा गोमांस के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना करारी पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर दो नफर अभियुक्तों अनीत अहमद पुत्र नजर अब्बास चांदनी पत्नी सईद अहमद निवासीगण नयागंज कस्बा व थाना करारी को उखैय्या खास तिराह से 06 किग्रा गोमांस के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बंध में थाना स्थानीय पर मुकदमा गोवध निवारण अधिनियम उत्तर प्रदेश पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तो को न्यायालय भेज दिया है।

### दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना संदीपनघाट पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त बन्टा पुत्र विरेन्द्र निवासी मितुवापुर थाना सदीपनघाट को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना कडाधाम पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त राजाबाबू पासी पुत्र जियालाल निवासी सरीफाबाद थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

## संपादकीय

# क्या नीतीश बाबू की विपक्षी एकता का ढोल फट गया है जो उसकी आवाज नहीं आ रही हैं ?

2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की धमाकेदार जीत के बाद पहले नेता जिसने भाजपा को अपने जातीय गठबंधन के समीकरण से बिहार विधानसभा चुनाव में मात दी थी, वो पिछले एक वर्ष से राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा विरोधी गठबंधन बनाने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले दिनों कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ मुलाकात के बाद नीतीश कुमार ने जो भाजपा विरोधी गठबंधन बनाने का जो प्रारूप साझा किया वो अपने आप में एक पराजित प्रयास है।उन्होंने एक साल में जितने भी ढोल बजा झ बजा कर विरोधी गठबंधन का प्रयास किया उस ढोल की लगता है अब हवा निकल गई हैं या वह ढोल ही फट गया हैं ।क्योकि इसे लेकर 12 जून को पटना में विपक्षी एकता की बैठक भी बुलाई गई थी, जो टल गई। कहीं न कहीं विपक्षी एकता की बैठक में शामिल होने को लेकर भाजपा विरोधी दलों के बीच सस्पेंस बना हुआ है।इसे लेकर महागठबंधन के बीच लगातार मंथन भी चल रहा है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प हो जाता है कि बैठक टलने के बाद सभी विरोधी दलों को एक मंच पर लाना मुख्यमंत्री नीतीश के लिए कितना मुश्किल है।

बता दें कि राहुल गांधी विदेश में हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी अगले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में व्यस्त हैं। ऐसे में अब बस इंतजार है तो बैठक की अगली तारीख का .... बताया जा रहा है कि कांग्रेस के अंदर भी इस बैठक को लेकर मंथन चल रहा है। पार्टी कहीं न कहीं ये सोच कर चल रही है कि नीतीश कुमार पर भरोसा करना ठीक नहीं होगा.... दरअसल, नीतीश कुमार बार-बार अपना पलरा बदल लेते हैं। वे कभी एन डी ए तो कभी महागठबंधन के बीच झूलते रहते हैं। कांग्रेस को इसी बात का डर है।पार्टी को लगता है कि अगर अगले लोकसभा चुनाव में जदयू मजबूत स्थिति में होती है और नीतीश कुमार को लगेगा कि उन्हें बीजेपी या राजद के साथ रहने में फायदा है तो वह कांग्रेस का साथ छोड़ भी सकते हैं।बताया जाता है कि नीतीश कुमार भाजपा और आरजेडी के बीच इतनी बार घूम चुके हैं कि किसी भी पार्टी के लिए उन पर भरोसा करना मुश्किल होगा। वे कब किधर जाएंगे, ये बात सिर्फ मुख्यमंत्री नीतीश ही जानते हैं।

एक्पसर्ट के मुताबिक, कांग्रेस पार्टी को इस बात का भी डर है कि विपक्षी एकता की बैठक हो जाए। लोकसभा जीत भी जाएं, लेकिन जब सरकार बनाने की नौबत आए तो कहीं नीतीश कुमार अलग राह न पकड़ लें। इस वजह से कांग्रेस आशंकित है।दूसरी बात यह है कि कांग्रेस में अपनी ही पार्टी के अंदर कई तरह के मतभेद है। पार्टी में अंतर्विरोध और संदेह है कि विपक्षी एकता के मद्देनजर भाजपा विरोधी दलों के साथ गठबंधन बनाना कितना फायदेमंद होगा और कितना नुकसानदेह है।

बताया जाता है कि कांग्रेस की आज जो स्थिति है, वह क्षेत्रीय दलों के कारण ही हुई है। क्षेत्रीय दलों ने ही अपने-अपने प्रदेश में उसे सत्ता से बेदखल कर दिया है। कांग्रेस अभी सिर्फ 4 राज्यों में ही सिमटी हुई है। एक समय था जब पूरे देश में उसका राज था।कई राज्यों में तो वहां की क्षेत्रीय दलों से अब कांग्रेस की बात तक नहीं होती। इसका सबसे पहला उदाहरण राजधानी दिल्ली है, जहां आम आदमी पार्टी की सरकार है। दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से कांग्रेस पार्टी के बीच राजनीतिक लड़ाई किसी से छिपी नहीं है।इसी कड़ी में अगला नाम तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर का भी आता है। केसीआर हमेशा से कांग्रेस के खिलाफ बोलते रहे हैं। वहीं, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी भी कांग्रेस के विरोध में हैं।नीतीश कुमार से कांग्रेस को भीतर से डर भी हैं ।

इधर बात करें बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तो उन्होंने ऐसे समय में कांग्रेस के एक विधायक को अपनी पार्टी में मिलाया है, जब पूरे देश में विपक्षी एकजुटता की चर्चा है। कांग्रेस भीतर से डरी हुई है कि जिन विपक्षी दलों ने हमको सत्ता से बेदखल कर दिया है, उनके साथ जाना फायदे का सौदा होगा या घाटे का। पार्टी इसे लेकर भी काफी असमंजस की स्थिति में है। इसे लेकर पार्टी में मंथन का दौर चल रहा है। इस मामले में नीतीश कुमार ने बहुत बड़ा रिस्क लिया है। यह सफलता तभी मिलेगी, जब कांग्रेस पूरे मन से नीतीश के साथ हो। कांग्रेस ये समझने की कोशिश कर रही है कि बिहार के बाहर नीतीश कुमार का क्या जनाधार है। पार्टी को मालूम है कि मुख्यमंत्री नीतीश कांग्रेस के भरोसे नैय्या पार लगाना चाहते हैं।

खैर अब विपक्षी दलों की 12 जून को होने वाली बैठक टाल दी गई है। बैठक की नई तारीख तय तो नहीं हुई है, लेकिन संभवतः 23 जून को बैठक हो सकती है। बैठक टलने की वजह राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे की अनुपलब्धता बताई गई है। चूंकि बैठक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुलाई थी, इसलिए आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी उन्हीं की ओर से आएगी, लेकिन कांग्रेस सूत्रों ने 12 जून की बैठक कैंसल होने की पुष्ट की है। राजनीतिक विश्लेषक बैठक टलने के पीछे की वजह दूसरी मान रहे हैं।उनका मानना है कि यह विपक्षी दलों की राष्ट्रीय स्तर की यह बैठक थी। देश भर से विपक्षी नेताओं का जमावड़ा होना था। जाहिर है कि नीतीश ने यह तारीख अपने मन से तो तय नहीं की होगी। उन्होंने तारीख को लेकर कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों से जरूर विमर्श किया होगा।

# सावधान! मोबाइल बन रहा बच्चों की जान का दुश्मन

**अशोक भाटिया**

**3 अप्रैल** 1973, विश्व इतिहास के लिए सबसे क्रांतिकारी दिनों में से एक है। इसी दिन मार्टिन कूपर नामक इंजीनियर ने पहली बार मोबाइल फोन से बातचीत की थी। करीब पांच दशक पहले इस दिन शायद किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि यही मोबाइल एक दिन बच्चे-बच्चे के हाथ में होगा हालांकि समय बीता और तकनीकी विकास ने उस अकल्पनीय सोच को सत्य में परिवर्तित कर दिया। सामाजिक विकास और आधुनिकीकरण की दृष्टि से यह काफी सुखद स्थिति थी। मोबाइल फोन्स ने हजारों किलोमीटर दूर बैठे लोगों से आमने-सामने बैठकर बात करने को बस एक क्लिक की दूरी तक सीमित कर दिया पर जहां अच्छाई है, वहां बुराई का जन्म लेना स्वाभाविक भी है. मोबाइल फोन्स के साथ भी यही स्थिति है। बच्चों में इसकी बढ़ती सहज उपलब्धता समय के साथ भयानक रूप लेती जा रही है, इतनी भयानक कि जिस उम्र के बच्चों को भगवान का रूप माना जाता है वह हैवान और कातिल तक बनते जा रहे हैं।

कुछ ऐसा ही घटा छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर में जहां मोबाइल फोन छीने जाने से नाराज बच्चे ने फांसी लगा ली । दिल्ली में कंपनी सेक्रेटरी की पढ़ाई कर रही थी. घटना के दौरान माता-पिता व दूसरा भाई हिमांशु शादी में यूपी के गोरखपुर गए थे. घर पर बहन-भाई प्रयांशु और अनन्या थे. बड़ी बहन अनन्या ने प्रियांशु को फोन छोड़कर पढ़ाई करने के लिए कहा तो उसको गुस्सा आ गया और उसने गला दबाकर अपनी बहन की हत्या कर दी. उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मोबाइल गेम खेलने से रोकने के कारण 16 साल के बच्चे ने अपनी मां की ही हत्या कर दी। न सिर्फ हत्या की बल्कि शव को दो दिनों तक घर में छिपाकर भी रखा। इस तरह की आपराधिक मानसिकता किसी बच्चे में कैसे विकसित हो सकती है, यह निश्चित ही



गंभीर और चिंताजनक बात है। ये कोई अकेली घटनाए भी नहीं है, कई अन्य देशों की रिपोर्ट उठा कर देख लीजिए तो इसी तरह के दर्जन भर से अधिक मामले देखने को मिल जाएंगे। ऐसे में सवाल यह है कि आखिर इस तरह की मानसिकता के पीछे का कारण क्या है? क्या खुद के लिए थोड़ा समय निकालने के चक्कर में हम बच्चों के हाथ में उनके ही विनाश की चाभी थमा रहे है? इन घटनाओं के पीछे के कारणों के बारे में पता चलता है कि बच्चा मोबाइल गेम का लती हो चुका थे । इससे पहले भी कई गेम्स के कारण भी कई जानलेवा मामले सामने आ चुके हैं। सारा ठीकरा इन्हीं पर क्यों फोड़ना, इंटरनेट-मोबाइल में इसी तरह के और भी कई गेम्स हैं जिन्हें मनोवैज्ञानिक रूप से आक्रामक प्रवृत्ति विकसित करने वाला माना जाता है, इतना आक्रामक कि बच्चा किसी की जान तक ले ले।

मोबाइल गेम्स की लत ने बच्चों के स्वभाव को आपराधिक और गुस्सैल बना दिया है। वैश्विक स्तर पर गेम के कारण जानलेवा प्रवृत्ति के कई मामले देखने के मिले हैं। इसी साल जनवरी में मोबाइल गेम की लत वाले एक बच्चे ने अपनी मां सहित 3 भाई-बहनों की हत्या कर दी थी। वाशिंगटन में भी इसी तरह के मामले देखे गए। भारत के संदर्भ में बात करें तो ऐसे मामले अक्सर रिपोर्ट किए जाते रहे हैं। सितंबर 2019 में कर्नाटक में 21 साल के नवयुवक ने अपने पिता की हत्या सिर्फ इसलिए कर दी क्योंकि उन्होंने मोबाइल गेम खेलते समय मोबाइल छीन लिया था। जुलाई 2021 में इसी तरह बंगाल में मोबाइल गेम को लेकर हुई बहस में एडिक्टेड युवक ने अपने भाई की हत्या कर दी थी। ऐसे कइयों मामले हैं, जो इस बात की तरफ इशारा करते हैं कि बच्चों में मोबाइल फोन्स की बढ़ती सहज उपलब्धता और आक्रामक गेम्स की लत काफी गंभीर रूप लेती जा रही है। पीएमसी जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि मोबाइल गेम की लत, हत्या और आत्महत्या की प्रवृत्ति को बढ़ावा देती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि किशोरों और वयस्कों में मनोवैज्ञानिक पूर्वाग्रह की स्थिति हो सकती है। इस तरह के वीडियोगेम्स पर दिन में कई घंटे बिताना मस्तिष्क की प्रवृत्ति को इस खेल के रूप में परिवर्तित करती जाती है। ऐसे गेम्स आक्रामकता को बढ़ावा देते हैं ऐसे में इसकी लत गंभीर हो सकती है। मोबाइल गेम्स के कारण बढ़ते आक्रामक व्यवहार के बारे में मनोचिकित्सकों का कहना है कि बालपन-युवावस्था में हम जिस तरह की चीजों का अधिक देखते, सुनते और पढ़ते हैं, उसका दिमाग पर सीधा असर होता है। मोबाइल गेम्स के साथ भी यही मामला है। ये लत का कारण बन जाते हैं और एडिक्शन के कोर में व्यावहारिक परिवर्तन प्रमुख होता है। अगर घरवाले इसे अचानक से छुड़ाने की कोशिश करते हैं, तो यहां विड्रॉल की स्थिति में आ जाती है, उसी तरह जैसे अल्कोहल विड्रॉल होता है जिसमें अगर किसी शराबी से अचानक शराब छुड़वाई जाए तो उसके व्यवहार में आक्रामक परिवर्तन हो सकता है। मनोचिकित्सक कहते हैं, बच्चे में ऑब्जर्वेशन लर्निंग की क्षमता अधिक होती है। बच्चे स्वाभाविक रूप से किसी चीज को समझने से ज्यादा चीजों को देखकर सीखने में अधिक निपुड़ता वाले होते हैं। ऐसे में अगर बच्चे का समय मोबाइल फोन्स पर अधिक बीत रहा है, साथ ही वह हिंसक गेम्स पर अधिक समय बिता रहे हैं तो इसका सीधा असर मस्तिष्क को प्रभावित करता है। मोबाइल-वीडियो गेम्स का नेचर बच्चों को और प्रभावित करता है क्योंकि गेम खेलते समय आपका पूरा ध्यान टास्क पर होता है। ऐसे में अगर इसकी प्रवृत्ति हिंसात्मक, मार-पीट, गोली-बारी वाली है तो यह बच्चे के दिमाग को उसी के अनुरूप परिवर्तित करने लगती है। रोज घंटों मोबाइल में इस तरह के गेम्स पर समय बिताने से बच्चों में इसकी लत लग जाती है। लत का मतलब, उस गेम के बिना वह रह नहीं पाते, इस दौरान जो भी उन्हें उस गेम से दूर करने की कोशिश कर रहा होता है, वह बच्चों का दुश्मन बन जाता है। इस तरह के विकारों से बच्चों को मुक्त रखने के लिए माता-पिता को बच्चों की मॉनिटरिंग करते रहना जरूरी हो जाता है। आप देखिए कि बच्चे कि तरह का व्यवहार कर रहे हैं, किस तरह के गेम्स खेल रहे हैं, उनका दूसरों के साथ व्यवहार कैसा है? मोबाइल फोन्स से बच्चों की बढ़ती दोस्ती को स्वास्थ्य विशेषज्ञ, बेहद अस्वास्थ्यकर मानते हैं। यह न सिर्फ बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक आदत है साथ ही इससे शारीरिक समस्याओं का खतरा भी काफी बढ़ जाता है। बच्चों के मोबाइल फोन्स पर अधिक समय बिताने की आदत को स्वास्थ्य विशेषज्ञ कई प्रकार से हानिकारक मानते हैं। मोबाइल फोन पर बहुत अधिक समय बिताने के कारण बच्चों में शारीरिक निष्क्रियता बढ़ती जाती है, जो मोटापा और अन्य आंतरिक स्वास्थ्य जटिलताओं के जोखिम को बढ़ाती है। इसके अलावा अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन जर्नल के अनुसार, मोबाइल के अधिक इस्तेमाल से मस्तिष्क और शरीर के अन्य भागों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। मोबाइल फोन्स की लत को अध्ययनों में विशेषज्ञ कैंसर, मस्तिष्क पर नकारात्मक प्रभाव, ट्यूमर जैसी समस्याओं को बढ़ावा देने वाला मानते हैं। इसके अलावा मोबाइल पर ज्यादा समय बिताने वाले बच्चों में नींद की कमी और नींद की गुणवत्ता में गिरावट जैसी दिक्कतें अधिक देखने को मिली हैं। शोध से पता चलता है कि सेल फोन की नीली रोशनी मेलाटोनिन के उत्पादन में बाधा डालती है।

मेलाटोनिन वह हार्मोन है जो नींद-जागने के चक्र को नियंत्रित करता है (जिसे सर्कैडियन रिदम भी कहा जाता है)। जब यह हार्मोन असंतुलित हो जाता है, तो इसके कारण नींद संबंधित विकारों की शिकायत बढ़ जाती है। नींद की कमी को अध्ययनों में कई प्रकार के गंभीर रोगों का कारक माना जाता है। बच्चों सहित सभी आयुवर्ग के लोगों में बढ़ते मोबाइल के इस्तेमाल को विशेषज्ञ मानसिक स्वास्थ्य के लिहाज से भी काफी हानिकारक मानते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक पहले के समय में बच्चे बाहर खेलते थे, प्रकृति के साथ जुड़ाव था, एक दूसरे से मिलते थे। वहीं अब मोबाइल ने इन सभी आदतों को सीमित कर दिया है लिहाजा बच्चों में कई तरह की मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं विकसित होने लगी हैं।

# सुरक्षित रेल सफर हो रेलवे की प्राथमिकता

**-स्वतंत्र पत्रकार**

**ओडिशा** के बालासोर रेल हादसे ने देशवासियों को अंदर तक हिला दिया है। पूर्व में भी ऐसी कई दर्दनाक घटनाएं घटित हुई, जिसमें जान-माल का भारी नुकसान हुआ। पिछले कई वर्षों से मामूली दुर्घटनाएं तो प्रकाश में आती रही, लेकिन किसी बड़े दुखद हादसे की खबर सुर्खी नहीं बनी। वास्तव में रेलवे के नवीनीकरण की दिशा में पिछले एक दशक से बड़ी तेजी से काम हो रहा है। कोरोना काल में जब रेल सेवाएं बंद थी, उस समय रेल के आधुनिकीकरण की दिशा में तेजी देखने को मिली। रेलवे मंत्रालय यात्री सुविधाएं बढ़ाने और आधुनिकीकरण के लिए कई योजनाएं पर काम कर रहा है, लेकिन इन सबके बीच बालासोर रेल हादसे ने रेल यात्रा की सुरक्षा पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। बीते तीन दशकों में ऐसी घोर भयावह, जानलेवा, त्रासद रेल दुर्घटना नहीं देखी गई। बालासोर जिले की रेल दुर्घटना अपनी किस्म की अभूतपूर्व त्रासदी है। वैसे यह तीसरा सबसे बड़ा, भयानक और त्रासद रेल हादसा है, क्योंकि तीन रेलगाडियों की टक्कर अभूतपूर्व और अकल्पनीय है। रेल आम आदमी का आसान और सुरक्षित सफर माना जाता रहा है। दुर्घटनाएं भी कम हुई हैं। लाखों यात्री हररोज रेल के जरिए ही आवागमन करते हैं। देश का रेल रूट 68,103 किलोमीटर लंबा है। हम विश्वस्तरीय रेलवे हैं। बालासोर हादसे में 288 मौतें हो चुकी हैं और 1116 लोग घायल हैं। अस्पतालों में उनका इलाज जारी है। करीब 56-58 यात्रियों की हालत गंभीर बताई गई है, लिहाजा मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। हावड़ा से चेन्नई जाने वाली कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन में और बेंगलुरू से हावड़ा जाने वाली दुरंतो सुपरफास्ट रेलगाड़ी में सवार यात्री आश्वस्त थे। कोई अपने घर, गांव जा रहा था, तो किसी को अपने गन्तव्य तक पहुंचना था। किसी के घर में समारोह था अथवा किसी को मुद्दत के बाद परिजनों से मिलना था। तीन रेलगाडियों की टक्कर ने सब कुछ चकनाचूर कर दिया। किसी की बाजू रह गई, किसी की टांग ही शेष रही, तो किसी का चेहरा ही विकृत हो गया। यात्री बोगियों के बीच फंस गए, तो कुचले गए। टीवी चैनलों पर दृश्य देखे, तो मन विचलित हो उठा। वेदना ने तालू चिपका दिया। क्या भारतीय रेल इतनी असुरक्षित है? क्या किसी मानवीय चूक और मैकेनिकल नाकामी के कारण इतनी बड़ी और वीभत्स मानवीय त्रासदी हुई? क्या तकनीकी स्तर और रेलवे स्टेशन पर स्थित नियंत्रण-कक्ष की प्रौद्योगिकी में हम इतने अक्षम हैं कि रेल हादसे नहीं रोक सकते? इस हादसे पर एंटी कोलिजन डिवाइस का मुद्दा पूर्व रेल मंत्री ममता बनर्जी ने उठाया है और विशेषज्ञ भी रेलवे के सुरक्षा कवच पर सवाल कर रहे हैं। दरअसल यह कवच 2020 में लागू किया गया था। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कवच का परीक्षण और प्रयोग देखा था, तो खूब तालियां बजाई थीं और कवच को संचालित करने वालों की पीठ थपथपाई थी। दरअसल इस कवच की हकीकत यह है कि 31 दिसंबर, 2022 तक 1455 किलोमीटर रूट ही कवच से कवर किया जा सका था। यानी 95 फीसदी से ज्यादा रेल रूट कवचहीन है। देश में 13,215 रेल इंजन हैं। इनमें से सिर्फ 65 में ही कवच की व्यवस्था है। रेल के 19 जोन में से 18 में एक भी कवच सिस्टम नहीं है। विशेषज्ञ कह रहे हैं कि यदि कवच होता, तो दुरंतो का इंजन 400 किमी पहले ही रुक जाता।

रेल मंत्री के स्तर पर खूब दावे किए गए थे कि दो ट्रेन की संभावित टक्कर को यह कवच रोक सकता है।

क्योंकि इसकी प्रौद्योगिकी दुर्घटना को भांप



लेती है और ट्रेन में स्वचालित ब्रेक लग जाते हैं। बहरहाल यह राजनीति और दोषारोपण का समय नहीं है। घोर त्रासद हादसा हुआ है।

बालासोर हादसे के बाद सुरक्षा का मुद्दा उभरा है, जिसका सरोकार लापरवाही से ही है। इसके मद्देनजर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) और रेलवे की संसदीय स्थायी समिति की रपटें गौरतलब हैं। दिसंबर, 2016 और मार्च, 2023 में दोनों संस्थाओं ने रेलवे में सुरक्षा के साथ खिलवाड़ को बार-बार उठाया है। कैग और संसदीय स्थायी समिति की तीन रपटों के निष्कर्ष हैं कि रेलवे में सुरक्षा मानकों के अभाव रहे हैं। यह आंतरिक प्रोटोकॉल के भी खिलाफ है। रेलवे में सुरक्षा के अग्रिम और केंद्रीय सरोकारों की कमी हमेशा रही है। रेलवे सरीखे विराट मंत्रालय में ऐसी लापरवाही और विसंगतियों का नतीजा बालासोर रेल हादसा हो सकता है? क्या रेलवे यात्रियों को लाश बनाने को ही बना है? यह सवाल भी है और जिज्ञासा भी है। 2017-18 में रेल सुरक्षा की चुनौतियों के मद्देनजर राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष की स्थापना के साथ महत्वपूर्ण शुरूआत की गई थी।

सुरक्षा संबंधी कामों को व्यवस्थित, चरणबद्ध और एक निश्चित प्रणाली के तौर पर अंजाम दिया जाना था। अधिकतर फंडिंग आम बजट के जरिए तय की गई थी, ताकि संसाधनों का प्रवाह निरंतर और स्थिर बना रहे। मार्च, 2023 में रेलवे संसदीय स्थायी समिति ने अपनी रपट में खुलासा किया कि पैसा प्राथमिक समस्या कभी नहीं रहा, लेकिन एक बार भी सालाना कोष पूरी तरह खर्च नहीं किया गया। नतीजतन बीते 6 साल के दौरान 1127 रेल हादसे हुए और 370 बार ट्रेन की बोगियां पटरी से उतरीं। मोदी सरकार संसद के भीतर और बाहर दावा करती रही है कि रेल सुरक्षा पर 1 लाख करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। सरकार ने कितनी राशि आवंटित की और रेलवे ने कितना खर्च किया, अब देश को यह स्पष्टीकरण तो देना ही पड़ेगा।

यदि विपक्षी कांग्रेस और पूर्व रेल मंत्री ममता बनर्जी सुरक्षा के सरोकारों को उठा रहे हैं और बालासोर रेल त्रासदी के असल आंकड़ों पर सवाल कर रहे हैं, तो बुनियादी तौर पर वे गलत नहीं हैं। ममता तथा एक और पूर्व रेल मंत्री नीतीश कुमार के कार्यकालों के दौरान कितनी रेल दुर्घटनाएं हुईं और कितने लोगों की जिंदगियां समाप्त हो गईं, यह तुलना करने से कोई लाभ नहीं है। अब रेल मंत्री भाजपा के हैं और देश के प्रधानमंत्री भी भाजपा के हैं, लिहाजा जिम्मेदारी उनकी ही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्राथमिक जांच के कुछ निष्कर्षों को साझा किया है कि इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से छेड़छाड़ की गई है अथवा उसमें बदलाव किया गया है, नतीजतन ट्रेन मेनलाइन छोड़ कर लूप लाइन में चली गई और मौजूदा रेल हादसा हुआ। सिग्नल को लेकर भी छेड़छाड़ की गई है, लिहाजा सीबीआई जांच का मंत्रालय और बोर्ड का निर्णय सटीक है, लेकिन जांच पूरी होने के बाद रेल मंत्री यह खुलासा करने का भी कष्ट करें कि सुरक्षा व्यवस्था से ऐसी छेड़छाड़ किस तरह संभव है, क्या उसकी उच्चस्तरीय जिम्मेदारी किसी भी वरिष्ठ अधिकारी की नहीं है? ऐसा में असल दोषी कौन है ये पता लगाना बेहद जरूरी है।

इस मामले में राजनीति भी हो रही है। सत्तारूढ़ दल और विपक्ष एक दूसरे को नीचे दिखाने को कोई अवसर चूक नहीं रहे हैं। राजनीति और रेल मंत्री का इस्तीफा मांगने से बेहतर होगा कि जो घायल है, उनका अच्छा इलाज हो, जो अब दुनिया में नहीं हैं उनको उचित मुआवजा मिले। और यह भी बेहतर होगा कि उच्चस्तरीय समिति और रेल सेफ्टी कमिश्नर की अलग-अलग जांच रपटें यथाशीघ्र सामने आ जाएं, ताकि जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की जा सके। और आने वाले समय में यात्रियों को अकाल मृत्यु से बचाया जा सके। वहीं रेलवे के आधुनिकीकरण में अगर सरकार रेल यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च पायदान पर रखेगी तो ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति को रोका जा सकेगा।

# बहकी बहकी किताबें

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**वे किता**बें नालों में पड़ी लोट रही थीं। पहले लगा हो न उन किताबों में शराब की प्रचार-प्रसार सामग्री छपी होगी। उनमें भी नशा चढ़ गया होगा। इसीलिए उनका यह हाल हो रहा है। बाद में किसी भलमानुस ने बताया कि इन्हें बच्चों तक पहुँचाना था। स्कूल जो शुरू होने वाले हैं। किताबें भी सोचने लगीं - मजिल थी कहीं जाना था कहीं तकदीर कहाँ ले आई है। कहने को तो स्मार्ट सिटी में हैं, फिर यह स्वच्छ भारत अभियान के पोस्टर के साथ इस नाले में क्या कर रही हैं? बाद में उन्हें समझ में आया कि स्मार्ट होने का मतलब शायद यही होता होगा।

किताबें आपस में बातें करने लगीं। थोड़ी पतली सी एकदम स्लिम ब्यूटी की तरह लग रही अंग्रेजी की किताब ने कहा झ वाट इज हैपिनिंग हिअर? आयम फीलिंग डिस्गास्टिंग। तभी हिंदी की किताब जो थोड़ी सी मोटी लेकिन वाचाल लग रही थी, बीच में कूद पड़ी झ अरे-अरे देखिए मैम साहब के नखरे। तुमको डिस्गास्टिंग लग रहा है। तुम्हारे चलते मेरे भीतर से कबीर, तुलसी की आत्मा निकाल दी गई है। बच्चे मुझे पाकर न ठीक से दो दोहे सीख पाते हैं और न कोई नौकरी। तुम हो कि ट्विंकिल-ट्विंकिल लिटिल स्टार, बा बा ब्लाक शिप, रेन रेन गो अवे जैसी बिन सिर टांग की राइम सिखाकर बड़ी बन बैठी हो। तुम्हारी इन राइमों के चक्कर में हमारे बच्चे हिंदी के बालगीत भी नहीं सीख पाते। तुमने तो हमारा जीना हराम कर दिया है। इस पर अंग्रेजी बोली झ नाच जाने आंगन टेढ़ा। बच्चों को लुभाना छोड़कर मुझ पर आरोप मढ़ रही हो। बाबा आदम का जमाना लद चुका है। कुछ बदलो। मॉर्डनाइज्ड बनो। चाल-ढाल में बदलाव लाओ। इन सबके बीच सामाजिक अध्ययन की किताबें कूद पड़ी झ अरे-अरे! तुम लोगों में थोड़ी भी सामाजिकता नहीं है।

मिलजुलकर रहना आता ही नहीं। कुछ सीखो मुझसे। इतना सुनना था कि विज्ञान की किताबें टूट पड़ी झ अच्छा बहिन तुम चली हो सामाजिकता सिखाने। तुम्हारी सामाजिकता के चलते लोग आपस में लड़ रहे हैं। कोई नरम दल है तो कोई गरम दल। कोई पूँजीवाद का समर्थक तो कोई किसी और का। तुम तो रहने ही दो। कहाँ की बेकार की बातें लेकर बैठ गई हो। आज न कोई भाषा पढ़ता है न सामाजिक अध्ययन। लोग तो विज्ञान पढ़ते हैं। डॉक्टर बनते हैं। कभी सुना किसी को कि वह कवि या लेखक बनना चाहता है या फिर समाज सुधारक? तभी मोटी और बद्सूरत सी लगने वाली गणित की किताब ने सभी को डाँटते हुए कहा झ मेरे बिना किसी की कोई हस्ती नहीं है। आज दुनिया में सबसे ज्यादा लोग इंजीनियर बन रहे हैं। सबका हिसाब-किताब रखती हूँ।

सभी एक-दूसरे से लड़ने लगीं। वहीं एक कोने में कुछ किताबें सिसकियाँ भर रही थीं। यह देख हिंदी, अंग्रेजी, सामाजिक अध्ययन, विज्ञान और गणित की किताबें लड़ाई-झगड़ा रोककर कोने में पड़ी किताबों की सिसकियों का कारण पूछने लगीं। उन किताबों ने बताया झ हम मूल्य शिक्षा, जीवन कौशल शिक्षा और स्वास्थ्य शिक्षा की किताबें हैं। हम छपती तो अवश्य हैं लेकिन बच्चों के लिए नहीं बल्कि कांट्रेक्टरों के लिए। आप सभी सौभाग्यशाली हो कि कम से कम आप लोगों को बच्चों की छुअन का सुख तो मिलता है। हम हैं कि स्टोर रूम में पड़ी-पड़ी सड़ने के सिवाय कुछ नहीं कर सकतीं।

# जल है तो कल है !

**सुनील कुमार**

**छोटी** कक्षाओं से ही हम सभी यह पढ़ते आए हैं कि 'जल ही जीवन है।' और 'जल है तो कल हैऴ, लेकिन विडंबना की बात यह है कि बावजूद इसके जल बेवजह बर्बाद किया जाता है। हमें यह बात कदापि नहीं भूलनी चाहिए कि जल-संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। यह ठीक है कि पृथ्वी पर जल की काफी मात्रा उपलब्ध है लेकिन जल बावजूद इसके एक सीमित संसाधन है। हम सभी यह जानते हैं कि जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती, जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिये जल की आवश्यकता होती है। पृथ्वी पर उपलब्ध एक बहुमुल्य संसाधन है जल, या यूं कहें कि यही सभी सजीवों के जीने का आधार है जल। वास्तव में जल ही जीवन है, जीवन का आधार भी यही है । जल के बिना जीवन की कल्पना तक संभव नहीं है । जल स्वयं में औषधि (दवाई) है, यह जल ही शरीर के दूषित (हानिकारक) तत्वों को मूत्र के माध्यम से निष्कासित करता हैं ।हमने यह पढ़ है कि धरती का लगभग तीन चौथाई भाग जल से घिरा हुआ है, किन्तु इसमें से 97% पानी खारा है जो पीने योग्य नहीं है, पीने योग्य पानी की मात्रा सिर्फ 3% है। इसमें भी 2% पानी ग्लेशियर एवं बर्फ के रूप में है। इस प्रकार सही मायने में मात्र 1% पानी ही मानव के उपयोग हेतु उपलब्ध है। दूसरे शब्दों में कहें तो धरती पर पानी की कुल मात्रा लगभग 13,100 लाख क्यूबिक किलोमीटर है। इस पानी की लगभग 97 प्रतिशत मात्रा समुद्र में, खारे पानी के रूप में और लगभग तीन प्रतिशत मात्रा अर्थात 390 लाख क्यूबिक किलोमीटर साफ या स्वच्छ पानी के रूप में धरती पर अनेक रूपों में मौजूद है।हमारी जल के प्रति एक आम सोच यह है कि जल पृथ्वी से कभी भी खत्म नहीं हो सकता है लेकिन हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि बढ़ती आबादी के बीच यदि हमने जल का संरक्षण समय रहते नहीं किया तो जल के लिए मानवजाति को बहुत बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। गलत नहीं कहा गया है कि तीसरा विश्व युद्ध होगा तो जल के लिए ही होगा। वास्तव में आज बढ़ती आबादी के बीच, तेजी से हो रहे नगरीकरण और औद्योगिकीरण की तीव्र गति ,बढ़ते प्रदूषण के साथ प्रत्येक व्यक्ति के लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना एक बहुत ही बड़ी चुनौती हो गया है।

## एएसपी की अगुवाई में न्यायालय परिसर की हुई छानबीन, पहचान पत्र देखकर ही दें प्रवेश



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू अनुज मिश्र व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय के साथ न्यायालय परिसर की औचक जांच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

गुरुवार को पुलिस अधिकारियों ने न्यायालय सुरक्षा प्रभारी को निर्देश दिये कि सुरक्षा ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों की ड्यूटी की सक्रियता बाबत औचक जांच करते रहें। सुरक्षा बाबत दिशा-निर्देश देते रहें। न्यायालय परिसर में आने वाले सभी लोगों की जांच कर पहचान पत्र देखकर न्यायालय में प्रवेश की अनुमति दें। न्यायालय आने वाले लोगों से पूंछताछ करें कि किस कार्य से न्यायालय आये हैं। इस बात की तस्दीक कर ही न्यायालय परिसर में प्रवेश की अनुमति दें।

इस मौके पर निरीक्षक अपराध कोतवाली कर्वी अजीत कुमार पाण्डेय, न्यायालय सुरक्षा प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार व अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## एसपी के निदेर्श: दम्पति के विवाद को सुलझाया



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस टीम ने पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर सुलह कराई। परिवार को टूटने से बचाया।

गुरुवार को रैपुरा थाने के देउंधा पहाडी की श्रीमती अनीसा पत्नी मकसूद ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि पति मकसूद उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने प्रार्थना पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को भेजा।

प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह की टीम ने शिकायतकर्ता की शिकायत को विस्तार से समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनो पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की सलाह दी। आपसी सुलह होने पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र ने दोनो पक्षों को तालमेल से रहने एवं पारिवारिक दायित्यों का सही ढंग से निर्वहन करने की सलाह दी। टीम में प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह, महिला सिपाही सुरुचि चैधरी, महिला सिपाही रक्षा यादव शामिल रहीं।

## पुलिस ने गांजा समेत एक दबोचा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता की टीम ने शमशेर अली पुत्र छुट्टन अली निवासी दसईपुर थाना किशनपुर जिला फतेहपुर को एक किलो तीन सौ ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता, दरोगा सत्पमपति त्रिपाठी, सिपाही बब्बू राजा शामिल रहे।

## गैंगेस्टर मामले में गैंग लीडर समेत नौ को पांच वर्ष की कैद, त्वरित न्यायालय ने सुनाया निर्णय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश गिरोह बंद अधिनियम एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के मामले में दोष सिद्ध होने पर नौ आरोपियों को पांच-पांच वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक को दस-दस हजार रूपए के जुमार्ना से भी दण्डित किया है।

गुरुवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती 24 अगस्त 2016 को तत्कालीन कर्वी कोतवाली प्रभारी सत्यपाल सिंह ने नौ लोगों के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की थी। गैंग लीडर बांदा जिले के अतर्रा क्षेत्र के नगनेधी गांव के बाबू उर्फ दादू पुत्र रामआसरे यादव समेत नौ लोगों पर क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों से आर्थिक एवं भौतिक लाभ प्राप्त करते थे। पुलिस के अनुसार गैंग लीडर बाबू उर्फ दादू यादव के साथ नगनेधी गांव के ही अशोक उर्फ बच्चा पुत्र छत्रपाल, गिरवा थाने के सेमरिया गांव के बद्दा का पुरवा निवासी लल्लू काछी पुत्र स्वामीदीन, कर्वी के कोढन पुरवा निवासी रामदयाल पुत्र परशुराम, गौशाला निवासी प्रेमचन्द्र उर्फ बबूल पुत्र देशराज, देशराज यादव पुत्र रामसनेही, अमर सिंह पुत्र देशराज, दुगौंवा निवासी देशराज यादव पुत्र बबलू उर्फ बल्लू यादव, राजू उर्फ फूदलू पुत्र रामकेश यादव पर क्षेत्र में रंगदारी मांगने, लोगों से मारपीट करने एवं पुलिस मुठभेंड के साथ जनता में भय का माहौल पैदा करने का आरोप था। पुलिस ने इस मामले में गैंग लीडर समेत सभी सदस्यों के विरूद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरूवार को त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा ने निर्णय सुनाया। जिसमें गैंगेस्टर के मामले में दोष सिद्ध होने पर गैंग लीडर बाबू उर्फ दादू, अशोक उर्फ बच्चा, लल्लू काछी, रामदयाल, प्रेमचन्द्र उर्फ बबलू, देशराज यादव पुत्र रामसनेही, अमर सिंह, देशराज यादव पुत्र बबलू उर्फ बल्लू यादव, राजू उर्फ फूदलू को पांच-पांच वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। प्रत्येक को दस-दस हजार रूपए के जुमार्ना से दण्डित किया है।

## जीवन शैली अभियान के तहत मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

**मिजार्मुराद। कृषि** विज्ञान केंद्र, कल्लीपुर वाराणसी द्वारा मेरी लाइफ, पर्यावरण के लिए जीवनशैली अभियान के अंतर्गत सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉक्टर नरेंद्र रघुवंशी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा की आज पूरा देश एक साथ विश्व पर्यावरण दिवस मना रहा है हमारे लिए बहुते ही हर्षोल्लास का विषय है कि भारत सरकार का पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान है।

# शहर में अंडर ग्राउंड विद्युत केबल में प्रगति न होने पर एक्सईएन से करें जवाब-तलब: प्रबंध निदेशक

## 1912 में प्राप्त समस्याओं का करें निस्तारण



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड आगरा के प्रबंध निदेशक अमित किशोर व जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की मौजूदगी में विद्युत विभाग के विभिन्न कार्यों की समीक्षा हुई। प्रबंध निदेशक ने राजस्व वसूली पर कहा कि माह के लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत वसूली की जाये।

गुरुवार को कलेक्टेज्ट सभागार में विद्युत कार्यों की समीक्षा बैठक में प्रबंध निदेशक अमित किशोर ने सभी अवर अभियंताओं से कहा कि क्षेत्र में जर्जर तार, खंभा, ट्रांसफार्मर, क्षमता वृद्धि आदि विद्युत के जो कार्य होने हैं, प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजें। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत से कहा कि बैठक करके विद्युत व्यवस्था के जो कार्य होने हैं, प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजें। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों से कहा कि विद्युत वसूली शत-प्रतिशत कराएं। प्रबंध निदेशक ने सभी उप जिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि शासन ने जिले की आबादी के सापेक्ष आईटीआई डिप्लोमा डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों एवं एसएचजी की महिलाओं से हाउसहोल्ड सर्वे कराकर नए विद्युत कनेक्शन कराए जाएं। उन्हें पारश्रमिक भी दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि चित्रकूट क्षेत्र में विद्युत 24 घंटे संचालित रहे, इसके लिए कार्य योजना बनाएं। धर्म नगरी-तीर्थ क्षेत्र के लिए एवं बाढ़ दौरान प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था सुचारू रखने को प्रस्ताव बनाया जाए। शहर में विद्युत केबल के अंडर ग्राउंड कार्य पर प्रगति न होने पर निदेशक टेक्निकल को निर्देश दिए कि दोनों अधिशासी अभियंताओं से जवाब-तलब किया जाए। उन्होंने कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मैन पावर बढ़ाकर कार्य को तेजी से करायें। निर्माण कार्य कार्यदाई संस्थाओं से कराया जा रहा है, उसमें तेजी लाएं। शासन से निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य करायें।

उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि इनके कार्यों की समीक्षा करें। 1912 में जो समस्याएं मिली हैं, तत्काल निस्तारण कराएं। जल जीवन मिशन के विद्युत कनेक्शन के कार्य तत्काल कराएं। अधीक्षण अभियंता तथा अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिए कि विद्युत व्यवस्था सुचारू ढंग से संचालन को जिले में जो भी कार्य होने हैं, उनका प्रस्ताव भेजें। जिले में जिलाधिकारी समेत सभी अधिकारी के माध्यम से शासन को प्रस्ताव भेजें, ताकि कार्य हो सके। जिलाधिकारी को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रधानमंत्री से सम्मानित होने पर बधाई दी। निदेशक टेक्निकल आगरा बीएम शर्मा विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि एक भी पावर ट्रांसफार्मर खराब नहीं होना चाहिए। जो भी ट्रांसफार्मर खराब होते हैं, उन्हें तत्काल बदलने की कार्यवाही करें। ओवरलोड किसी भी ट्रांसफार्मर पर नहीं होना चाहिए, अन्यथा संबंधित अवर अभियंता के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। अंडर ग्राउंड विद्युत केबल प्रक्रिया में प्रगति करायें। जिन कनेक्शन धारकों को एक किलो व दो किलोवाट के कामर्शियल कनेक्शन दिये थे, उनके बकाये बिल जमा कराकर पीडी कराकर नया कनेक्शन दिया जाए, क्योंकि शासन ने कृषि क्षेत्र में किसानों को सिंचाई को निःशुल्क विद्युत दी है। मुख्य अभियंता कामर्शियल आगरा राम प्रकाश ने विद्युत अधिकारियों से कहा कि विद्युत व्यवस्था का सही संचालन करायें। जो विद्युत बेंचते हैं, उसी से जो वसूली करते हैं, विद्युत खरीदते हैं। पुलिस-प्रशासन से अपेक्षा है कि समय से उपभोक्ता विद्युत बिल जमा करें। जिले में आबादी अनुसार विद्युत संयोजन नहीं है। भारत सरकार ने सौभाग्य योजना लागू की थी, अभी संतृप्त नहीं हुई। जिले में कुल कनेक्शन एक लाख 70 हजार हैं। जो जिले की आबादी अनुसार नहीं है। शासन ने सर्वे कराकर विद्युत संयोजन का अभियान चलाया है, उसमें जो प्रपत्र दिये हैं, सही सूचना भरकर विद्युत संयोजन करायें। जिन उपभोक्ताओं के बिल बाकी हैं, उनसे घोषणा पत्र लेकर पैसा जमा कराकर नया कनेक्शन दें। कोई भी उपभोक्ता दूसरे को बिजली नहीं दे सकता। जो परिवार अलग रह रहे हैं, वे कनेक्शन अवश्य कराएं। जिन उपभोक्ता ने कनेक्शन लिये थे, वह कभी बिल नहीं जमा किये हैं। सभी अवर अभियंताओं को निर्देश दिए कि ऐसे लोगों की सही रीडिंग करके विद्युत बिल जमा कराएं। यह उपखंड अधिकारियों व अवर अभियंताओं की जिम्मेदारी है। विद्युत संयोजन व वसूली कराएं। किसी उपभोक्ता के साथ अभद्रता नहीं होनी चाहिए। मार्च के बाद से कोई भी विद्युत बिल गलत नहीं होना चाहिए। ठीक कराकर उपभोक्ता को सहूलियत दें।

मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने प्रबंध निदेशक का स्वागत कर कहा कि विद्युत व्यवस्था सुधार के शासन से मिले निदेर्शों का मिलकर कार्य किया जायेगा। बैठक में मुख्य अभियंता विद्युत बांदा सुनील कपूर, उप जिलाधिकारी कर्वी राजबहादुर, मऊ नवदीप शुक्ला, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, अधीक्षण अभियंता विद्युत बृजेश कुमार, अधिशासी अभियंता शहर आरएस वर्मा, ग्रामीण केके वर्मा समेत विद्युत विभाग एवं विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में शासकीय सर्जनों की कार्यशाला का शुभारम्भ

## उप्र के 18 मंडलों से 40 से अधिक सर्जन लेंगे प्रशिक्षण



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र ने राष्ट्रीय दृष्टि विहिंता एवं दृष्टि दोष नियंत्रण के तहत नेत्र सर्जरी में गुणवत्ता लाने को प्रदेश के 18 मंडलों से लगभग 40 नेत्र सर्जनों को चित्रकूट के सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड में दो दिवसीय कार्यशाला में शामिल होकर प्रशिक्षण लेने को आदेशित किया है।

गुरुवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के डायरेक्टर/ट्रस्टी डा बीके जैन, उप्र राज्य मेडिकल परामर्शदाता अभय द्विवेदी एवं साइट सेवर के स्टेट प्रोग्राम लीड प्रमोद त्रिपाठी ने परमपूज्य गुरुदेव रणछोड़दास जी महाराज की पूजाकर दीप जलाया। दो दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत करते हुए डा जैन ने प्रशिक्षण लेने आए सभी नेत्र सर्जनों से कहा कि नेत्र रोगियों को चाहे सरकारी सेक्टर हो चाहे प्राइवेट सेक्टर हो चाहे एनजीओ हो अकेले बहुत अच्छा काम कोई नही कर सकता। जब ये सब मिलकर एक साथ काम करते है तो बहुत ही अच्छा काम होता है। हर नेत्र सर्जन चाहता है उसका परिणाम सौ फीसदी सही हो, इसी उद्देश्य से सबको काम करना चाहिए।

उप्र के राज्य मेडिकल परामर्शदाता अभय द्विवेदी ने उप्र के 18 मंडलों से प्रशिक्षण कार्यशाला में आए नेत्र सर्जनों से कहा कि सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय में नेत्र सर्जरी में गुणवत्ता, क्षमता और कार्य कुशलता जैसी तमाम विषय पर प्रशिक्षण लेने आए हैं। प्रशिक्षण दौरान प्रश्न पूछने में बिल्कुल हिचक न करें। चाहे ओपीडी सबंधित हो चाहे ऑपरेशन थियेटर संबंधित हो, चाहे फॉलोअप संबंधित हो या गुणवत्ता संबंधित हो, प्रशिक्षण दौरान कोई भी चीज पूंछने में कमी न करें।

साइट सेवर के प्रोग्राम लीड प्रमोद त्रिपाठी ने कहा कि साइड सेवर उतर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर अंधत्व निवारण पर काम कर रहा है। सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के साथ मिलकर उतर प्रदेश के छह जिलों में अंधत्व निवारण पर साइट सेवर काम कर रहा है।

# अशोक गुप्ता की माफियागिरी अब होगी ठंडी

## दस जून के बाद गिर सकती है इमारत- जिला प्रशासन की भृकुटि हुई टेढी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला प्रशासन ने अशोक पब्लिक स्कूल खोह पर भृकुटि टेढी कर दी है। अब अशोक गुप्ता को कोई आका बचाने नहीं आयेगा। उसकी माफियागिरी को योगी सरकार ने ठिकाने लगाने का निर्णय कर लिया है। अब उसकी वकालत की धौंस भी काम नहीं आयेगी।

ये मामला है कर्वी कोतवाली के बांदा-प्रयागराज मार्ग स्थित खोह गांव का। चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की सचिव वन्दिता श्रीवास्तव ने तीन अप्रैल 2023 को श्रीमती प्रतिभा गुप्ता पत्नी अशोक कुमार गुप्ता को दी नोटिस में कहा है कि बिना भवन मानचित्र मंजूरी के अवैध निर्माण किया है। कारण बताओ नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया। तकनीकी त्रुटियों का निराकरण न करने के कारण छह मार्च 2021 को मानचित्र निरस्त किया जा चुका है। नियत तिथि 12 अप्रैल 2023 को अपर जिलाधिकारी न्यायालय ने हाजिर होकर अवैध निर्माण की बाबत पक्ष पेश करें। अन्यथा की दशा में अवैध निर्माण बाबत एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी।

इसी प्रकार एक और नोटिस में प्राधिकरण ने कहा है कि सुनवाई में कारण बताने में असफल रहे हैं या कोई पर्याप्त कारण नहीं बताया। ऐसे में इस नोटिस के प्राप्त होने के एक माह में अवैध निर्माण गिरवा दें अन्यथा की दशा में प्राधिकरण निर्माण गिरवाने का व्यय आपसे वसूलेगा। उल्लेखनीय है कि जिले में सबसे ज्यादा चर्चित अशोक गुप्ता के मामले को जिला प्रशासन ने सख्ती से संज्ञान में लिया है। बिना नक्शा पास कराये नियम-कानूनों को ताक में रखकर कामर्शियल बिल्डिंग खडी की है। विकास प्राधिकरण ने बिल्डिंग स्वामी को एक माह के अन्दर स्वतः इमारत को ध्वस्त करने का निर्देश दिया है। दस जून के बाद किसी भी समय अशोक पब्लिक स्कूल में बाबा का बुलडोजर चल सकता है। कामर्शियल बिल्डिंग का बिना नक्शा पास कराये बच्चों के जीवन से खिलवाड करने वाले अशोक पब्लिक स्कूल को ढहाने की कार्यवाही हो सकती है। दस मई को विकास प्राधिकरण ने इमारत ध्वस्त करने के निर्देश दिये थे।

# केआईटी परिसर में डीसीपी ने छात्र-छात्राओं से किया संवाद

**मिजार्मुराद। भिखीपुर** स्थित काशी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में मंगलवार को बेसिक ह्यूमन राइट्स पर एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीसीपी गोमती जोन विक्रांत वीर रहे।कार्यक्रम की शुरूआत डीसीपी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना तथा माल्यार्पण से हुआ।संस्थान के निदेशक डॉ आशुतोष मिश्र ने पुष्पगुच्छ देकर डीसीपी का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि डीसीपी गोमती जोन द्वारा सभागार में छात्रों को संबोधित करते हुए बेसिक ह्यूमन राइट्स पर अपने विचार व्यक्त किए तथा उसके बारे में विस्तार से वर्णन किया। इसके अलावा कानून व्यवस्था तथा उनके अनुपालन एवं परिस्थितियों के अनुकूल तथा प्रतिकूल समय में आचरण एवं व्यवहार पर भी छात्रों को संबोधित किया।छात्रों द्वारा मुख्य अतिथि डीसीपी विकांत वीर से विभिन्न प्रकार के सवाल पूछे गए तथा डीसीपी महोदय द्वारा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। छात्रों द्वारा टाइम मैनेजमेंट तथा प्रशासनिक अधिकारी बनने के बाद होने वाली समस्याओं एवं उसके समाधान के बारे में भी डीसीपी से प्रश्न पूछा। कार्यक्रम के अंत में काशी इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी के निदेशक डॉ आशुतोष मिश्र तथा काशी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के उपनिदेशक डॉ एके यादव ने मुख्य अतिथि डीसीपी विकांत वीर को शॉल एवं मोमेंटो भेंट किया गया।

## आबकारी टीम ने छापेमारी कर आठ सौ किग्रा लहन किया नष्ट, तीस लीटर महुआ शराब बरामद



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आबकारी आयुक्त के आदेश पर जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र यादव की अगुवाई में आबकारी विभाग ने कोतवाली कर्वी के कपसेठी व भैरोपागा में मंदाकिनी नदी किनारे छापेमारी कर 30 लीटर महुआ शराब व आठ सौ किग्रा लहन नष्ट किया।

गुरुवार को आबकारी विभाग की टीम ने कपसेठी व भैरोंपागा में नदी किनारे छापेमारी कर कच्ची शराब बनाने की छह भट्ठियों को तोडकर शराब बनाने के उपकरण नष्ट किये। अभियान में जंगल से हरे गांजे के पेड़ों को काटकर नष्ट कर विधिक कार्यवाही की। दबिश टीम में आबकारी निरीक्षक प्रफुल्ल कुमार सिंह, प्रधान आबकारी सिपाही धमेन्द्र राजपूत, मुनेश यादव, मनोज कुमार पाण्डेय व आबकारी सिपाही सनमान सिंह, शिवसागर, लालाराम वर्मा, दुष्यंत यादव, लालचन्द्र, महिला सिपाही रंजना सिंह, महिला होमगार्ड गायत्री तोमर मौजूद रहीं।

## ठगों के जाल में न फंसे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप ने बताया कि सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र प्रयागराज के निर्देश के क्रम में माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र 2023 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं की उत्तर पुस्तिकाओं की स्कूटनी से उनके अंक बढ़ाने तथा फेल से पास कराने का प्रलोभन देकर कुछ साइबर ठगों ने परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों से धन की मांगकर ठगने का प्रयास कर रहे हैं।

गुरुवार को डीआईओएस ने बताया कि ऐसे लोग परिषद की छवि खराब कर रहे हैं। सभी परीक्षार्थियों व अभिभावकों से अनुरोध है कि साइबर ठगों के ऐसे फोन काल्स का संज्ञान न लें। प्रलोभन में न आए। इस प्रकार के फोन कॉल्स आने पर तत्काल सूचना दी जाये।

## चार के कब्जे से 125 क्वार्टर देशी शराब बरामद



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने चार लोगों के कब्जे से 125 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है।

गुरुवार को भरतकूप थाने के दरोगा इमरान खां की टीम ने आशीष उर्फ रिंकू पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी पुरवा तरौंहा कोतवाली कर्वी के कब्जे से 45 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। सरधुआ थाने के दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने राजाराम पुत्र कल्लू रैदास निवासी तीरधुमाई गंगू के कब्जे से 40 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। मऊ थाने के दरोगा गंगाचरन प्रजापति की टीम ने राहुल सागर पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी इटवां के कब्जे से 26 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। मऊ थाने के दरोगा विजय बहादुर यादव की टीम ने राम समुन्दर पुत्र रामेश्वर रैदास निवासी चन्दई के कब्जे से 14 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## बढ़ापुर पुलिस ने किशोरी को देह व्यापार में धकेलने वाली महिला सहित उसके किन्नर भाइयों को गिरफ्तार किया

**बिजनौर/बढ़ापुर। नगर** के एक मोहल्ले से गायब हुई नाबालिग किशोरी को बरामद करने के साथ साथ बढ़ापुर पुलिस ने किशोरी को देह व्यापार में धकेलने वाली महिला सहित उसके किन्नर भाइयों को गिरफ्तार कर दुष्कर्म,अपहरण, षड्यंत्र के तहत बंधक बनाने जैसी गम्भीर धाराओं में चालान किया है।

## इटली की संसद में पहली बार महिला सांसद ने बच्चे को कराया स्तनपान, सभी पार्टियों ने किया समर्थन

**बेरूत।** इटली में एक महिला सांसद ने पहली बार संसद में अपने बच्चे को स्तनपान (ब्रेस्टफीड) कराया। सासंद जिल्डा स्पोर्टियेलो ने संसद के चेंबर में अपने बेटे को ब्रेस्टफीड करा रही थी, जिसे देख सभी सांसदों ने तालियां बजाकर उनके इस कदम का स्वागत किया। कई देशों में इसे सामान्य माना जाता है, लेकिन इटली जैसे पुरुष प्रधान देश में यह पहली बार हुआ है। संसदीय सत्र की अध्यक्षता करते हुए



जियोर्जियो मुले ने कहा- 'ऐसा पहली बार हुआ है। जिल्डा स्पोर्टियेलो को स्वतंत्र, लंबी और शांतिपूर्ण जीवन के लिए शुभकामनाएं। अब हम धीरे बोलेंगे।' पिछले साल नवंबर में संसदीय नियम पैनल ने महिला सांसदों को अपने बच्चों के साथ चेंबर में प्रवेश करने और उन्हें एक साल की उम्र तक बच्चे को ब्रेस्टफीड कराने की अनुमति दी थी। स्पोर्टियेलो ने कहा- 'समय न मिलने की वजह से कई महिलाओं ने अपने बच्चों को स्तनपान कराना बंद कर दिया है। ऐसा करना उनकी इच्छा नहीं थी, लेकिन काम की वजह से उन्हें ऐसा करना पड़ता है।'

## 'आज जो भरोसा और विश्वास है, वह एक दशक पहले नहीं था', भारत से संबंधों पर बाइडन सरकार के अफसर का बड़ा बयान

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच जिस स्तर का विश्वास विकसित हुआ है, वह एक दशक पहले नहीं था। यह कहना है अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के शीर्ष अधिकारी कर्ट कैंपबेल का। कैंपबेल इसी महीने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी अमेरिका यात्रा के बारे में बात कर रहे थे, इस दौरान उन्होंने भारत की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि संयुक्त राज्य अमेरिका और





भारत के बीच जो अधिक से अधिक विकसित हुआ है वह भरोसे और विश्वास का एक स्तर, जो स्पष्ट रूप से एक दशक पहले मौजूद नहीं था। कर्ट कैंपबेल जो कि इंडो-पैसिफिक रीजन के मामलों की पकड़ रखते हैं, वो ये मानते हैं कि भारत वैश्विक स्तर पर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक मंच पर अमेरिका के लिए भारत का संबंध सबसे महत्वपूर्ण द्विपक्षीय संबंध है और इसे आगे भी बनाए रखने वाले हैं। यात्रा के संभावित परिणामों पर बात करते हुए कर्ट ने कहा कि दुनिया भारतीय प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की मुलाकात की ओर देख रही है। जैसा कि भारत विश्व स्तर पर 'महत्वपूर्ण भूमिका' निभा रहा है, तो हम चाहते हैं कि भारत अमेरिका की दोस्ती और मजबूत हो। हमें उम्मीद है कि ये मुलाकात बहुत अच्छी होगी। इस दौरान सभी मुद्दों पर बात की जाएगी।

## यूक्रेन ने तोगलीपट्टी-ओडेसा अमोनिया पाइपलाइन को उड़ाया, रूस ने किया दावा

**वाशिंगटन।** रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट-जनरल इगोर कोनाशेंकोव ने कहा कि यूक्रेन की सेना ने पांच जून की शाम को खारकोव क्षेत्र में तोगलीपट्टी-ओडेसा अमोनिया पाइपलाइन को विस्फोट से उड़ा दिया। इस हमले में कई नागरिक घायल हो गए। रूसी समाचार एजेंसी तास (ञस्स) ने यह सूचना दी। जनरल इगोर कोनाशेंकोव ने कहा कि पांच जून को रात में लगभग 9:00 बजे (मास्को के समयानुसार) एक यूक्रेनी विध्वंसक और टोही समूह ने खारकोव क्षेत्र में मक्स्युटोवका के पास तोगलीपट्टी-ओडेसा अमोनिया पाइपलाइन को उड़ा दिया। इस आतंकवादी कृत्य के परिणामस्वरूप कई नागरिक घायल हो गए। जनरल ने कहा कि घायल नागरिकों को चिकित्सा सहायता मुहैया कराई गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, कोनाशेंकोव ने बताया कि फिलहाल यूक्रेनी क्षेत्र में क्षतिग्रस्त पाइपलाइन खंडों के माध्यम से अमोनिया अवशेषों को निकाला जा रहा है। रूसी सेना के जवानों में कोई हताहत नहीं हुआ है।

## कनाडा: खालिस्तान समर्थकों की झांकी में इंदिरा गांधी की हत्या पर जश्न, उठे नाराजगी के स्वर

**ओट्टावा।** कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की एक और शर्मनाक हरकत सामने आई है। यहां निकाले गए एक जुलूस में तमाम झांकियों के बीच भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या पर जश्न मनाने की एक झांकी भी निकाली है। इस पर नाराजगी के स्वर भी मुखर होकर सामने आए हैं। कनाडा के ब्रैम्पटन क्षेत्र में सिख समाज ने लंबी शोभा यात्रा के रूप में जुलूस निकाला था। इसमें सिख धर्म से जुड़ी तमाम झांकियां थीं। इन झांकियों के बीच ही खालिस्तान समर्थक सक्रिय हो गए और एक झांकी में इंदिरा गांधी की हत्या का दृश्य दिखाया गया। इसमें इंदिरा गांधी की तरह एक महिला को हाथ ऊपर किये खड़ा किया गया



और सुरक्षा कर्मियों द्वारा उन्हें ही मारते दिखाया गया। इसके बाद जश्न मनाने की बात भी झांकी का हिस्सा है। जिस ट्रक पर यह झांकी दिखाई गयी है, उसमें इस घटनाक्रम को बदला बताते हुए 1984 में हुए सिख नरसंहार को न भूलने की बात कही गयी है। इस झांकी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर भारतीय इस झांकी की जोरदार आलोचना कर रहे हैं। खालिस्तान समर्थकों की इस करतूत पर भारत में कनाडा के उच्चायुक्त ने भी नाराजगी जाहिर की है।

कनाडा के उच्चायुक्त कैमरून मैके ने ट्वीट करते हुए लिखा कि कनाडा में हुए एक इवेंट के दौरान भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या को सेलिब्रेट करने की घटना से मैं हैरान व परेशान हूं। कनाडा में नफरत और नफरत के महिमामंडन के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने इस तरह की घटनाओं की निंदा की है।

## नेपाली पीएम प्रचंड बोले- भारत के संसद में लगा नक्शा सांस्कृतिक, राजनीतिक नहीं

**काठमांडू।** विपक्ष की आलोचनाओं के बीच नेपाल के पीएम पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने कहा कि भारत के संसद भवन में अखंड भारत का नक्शा सांस्कृतिक है, राजनीतिक नहीं। नेशनल असेंबली को संबोधित करते हुए, प्रचंड ने कहा कि नक्शा राजनीतिक नहीं है और उन्होंने अपनी हाल ही में संपन्न भारत यात्रा के दौरान इस मुद्दे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात में उठाया था और उन्होंने इसे सांस्कृतिक नक्शा बताया था। सीपीएन-यूएमएल सहित नेपाल के विपक्षी दलों ने उस नक्शे का विरोध किया है, जो नेपाल को प्राचीन भारतीय भूमि के हिस्से के रूप में दिखाता है और सरकार से इस मामले को भारत के साथ उठाने के लिए कहा। बता दें, भारत ने इसे एक कलाकृति बताते हुए खास तरजीह नहीं दी और कहा कि इसमें सम्राट अशोक के साम्राज्य को दर्शाया है। कनाडा में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की हत्या से जुड़ी विवादित झांकी पर विवाद शुरू हो गया है। झांकी में एक गाड़ी पर इंदिरा गांधी की डमी लगाकर दो सुरक्षा कर्मियों द्वारा उन्हें गोलियां मारते दिखाया गया था। कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में 4 जून को यह झांकी खालिस्तान समर्थकों ने निकाली थी। कनाडा में पूर्व सांसद रमेश संघा का कहना है कि कुछ लोग हिंदुस्तान को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।

## नेपाल में सात प्रमुख जल विद्युत परियोजनाओं के विकास का जिम्मा भारतीय कंपनियों को सौंपा गया

**काठमांडू।** नेपाल में सात बड़ी जलविद्युत परियोजनाओं के विकास का जिम्मा भारतीय कंपनियों को सौंपा गया है। इसके बाद इन्हें विकसित करने में तेजी आई है। इन सात परियोजनाओं से 4,639 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। नेपाल के प्रधान मंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड की भारत यात्रा के दौरान दो नई जलविद्युत परियोजनाओं के विकास के संबंध में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। नई अनुबंधित जलविद्युत परियोजनाओं में अपर अरुण और फुकोट करनाली शामिल हैं। भारतीय कंपनी को सौंपी गई जलविद्युत परियोजनाओं में 900 मेगावॉट के अरुण थर्ड, 490 मेगावॉट के अरुण फोर्थ, 669 मेगावॉट के लोअर अरुण, 750 मेगावॉट के वेस्ट सेती, 450 मेगावॉट के सेती नदी-6, 480 मेगावॉट के फुकोट करनाली और 900 मेगावॉट के अपर करनाली शामिल हैं निर्माण के लिए भारतीय कंपनी को सौंपे गए प्रोजेक्ट्स में




अरुण थर्ड, वेस्ट सेती और सेती नदी-6 का काम तेजी से चल रहा है। नेपाल के निवेश बोर्ड ने कहा है कि इन परियोजनाओं का काम संतोषजनक ढंग से आगे बढ़ रहा है। भारत के अलावा नेपाल में भी अन्य देशों की कंपनियों ने जलविद्युत परियोजनाओं में निवेश की इच्छा दिखाई है। हालांकि, गैर-भारतीय कंपनियां अन्य देशों द्वारा निवेश की गई परियोजनाओं से बिजली नहीं खरीदने के भारत सरकार के निर्देश के कारण परियोजना से हट गईं हैं। खासकर चीनी कंपनियों ने हाथ पीछे खींच लिए हैं।

## चीन के खतरे पर नजर, हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर भारत और अमेरिका का जोर

**वाशिंगटन।** चीन का खतरा भारत और अमेरिका, दोनों देश महसूस कर रहे हैं। इस माह भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र की समृद्धि और सुरक्षा के मुद्दे पर अहम बातचीत होगी। भारत के प्रधानमंत्री मोदी 21 जून से अमेरिका यात्रा पर रहेंगे। दोनों देशों के रिश्तों के लिहाज से इस दौरे को काफी अहमियत दी जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति के आवास व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन जीन पियरे ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। इसमें मुक्त, समृद्ध और सुरक्षित हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी को भी मजबूत करने पर बात होगी। रक्षा क्षेत्र को लेकर भी बात होगी। साथ ही अक्षय ऊर्जा और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी बातचीत होगी। उल्लेखनीय है कि मोदी और बाइडन के बीच



इंडोनेशिया में द्विपक्षीय बातचीत हुई थी। उस बैठक में दोनों देशों के बीच भविष्य के लिए अहम और उभरती हुई तकनीक और आर्टिफिशियल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सहयोग करने पर सहमति बनी थी। मोदी के आगामी अमेरिका दौरे पर इस क्षेत्र में भी कुछ अहम समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि रक्षा क्षेत्र के साथ अमेरिका अब अंतरिक्ष में भी चीन की चुनौतियों पर खास ध्यान दे रहा है। इसी के चलते वह अपनी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और भारत की इसरो के बीच समन्वय बिठाने की कोशिश में है। मोदी की अमेरिका यात्रा में इस क्षेत्र में रिश्तों की मजबूती पर भी जोर दिया जाएगा।

## अमेरिकी संसद में उठा भारतीयों को वीजा के लिए लंबे इंतजार का सवाल

**वाशिंगटन।** भारतीयों को अमेरिकी वीजा के लिए लंबे समय तक इंतजार का सवाल अमेरिकी संसद में उठा है। अमेरिकी सांसदों ने इस सवाल के साथ भारत को अमेरिका का सबसे अहम सहयोगी बताकर इस समस्या के जल्द समाधान की मांग की है।

अमेरिकी संसद की फॉरेन रिलेशन कमेटी के चेयरमैन सीनेटर बॉब मेनेन्डेज और इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष माइकल वाल्ट्ज ने संसद में भारतीयों को अमेरिकी वीजा मिलने में होने वाली देरी पर सवाल उठाया। इस दौरान मेनेनडेज ने कहा कि अमेरिकी लोगों के भारतीयों के साथ अच्छे संबंध हैं। भारत अब क्वाड का हिस्सा है और अमेरिका लगातार भारत के साथ अपने रिश्तों को मजबूत कर रहा है।




इसके बावजूद भारत में अमेरिकी वीजा के लिए लगने वाला समय सबसे ज्यादा है। यह दुनियाभर में अमेरिकी वीजा के लिए लगने वाले औसत समय से भी ज्यादा है। उन्होंने बी1-बी2 वीजा के लिए आवेदन करने वाले भारतीयों को 450-600 दिनों तक प्रतीक्षा करने की मजबूरी पर सवाल उठाए। अमेरिकी सीनेटर माइकल वाल्ट्ज ने कहा कि 21वीं सदी में अमेरिका के भारत के साथ आर्थिक, कूटनीतिक और रक्षा संबंध सबसे अहम हैं। इसके बावजूद भारतीयों को वीजा के लिए इतना लंबा इंतजार कराना तकलीफदेह है। उन्होंने कहा कि मुंबई में औसत प्रतीक्षा काल 587 दिन हैं जबकि दोनों देशों के बीच 150 बिलियन डॉलर से ज्यादा का व्यापार होता है। वाल्ट्ज ने सवाल उठाया कि अमेरिका इस मसले पर भारत के लिए कोई विशेष नीति बनाने पर विचार कर रहा है या नहीं।

उन्होंने कहा कि सिर्फ उनके राज्य फ्लोरिडा में भारतीयों को मिलने वाले वीजा में देरी की वजह से करीब 8 बिलियन डॉलर के व्यापार का नुकसान हुआ है और 250,000 नौकरियां प्रभावित हुई हैं।

## यूक्रेन में बांध टूटने के बाद आई बाढ़ में 1800 घर डूबे, 1500 लोगों को बचाया

**काठमांडू।**दक्षिणी यूक्रेन में एक प्रमुख पनबिजली बांध (कखोव्का) के ढह जाने के बाद सैकड़ों लोगों को एक बड़े आपातकालीन ऑपरेशन के तहत अपने घरों से पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा है।

निप्रो के किनारे 1,800 से अधिक घरों में पानी भर गया है और लगभग 1,500 लोगों को निकाला गया है। उधर, क्षेत्र में तोपों और गोलाबारी की आवाजें भी आती रहीं। अधिकारियों ने कहा, अगले 20 घंटों में जलस्तर के एक मीटर और बढ़ने की आशंका है, जो निप्रो के किनारे और अधिक निचले इलाकों को अपनी चपेट में ले लेगा। कई स्थानीय लोगों ने डर के कारण में छतों पर रात बिताई। उन्हें बसों और ट्रेनों से जरूरी सामानों के साथ बाहर निकालने के प्रयास किए गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेंस्की ने नोवा कखोव्का बांध के ढहने को सामूहिक विनाश का पर्यावरणीय बम करार दिया है। इससे 80 कस्बों और गांवों में बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। जेलेंस्की ने इसके लिए रूस को दोषी ठहराया।

रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव निकोलाई पेत्रुशेव ने बुधवार को कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन और उसके नाटो सहयोगियों को कखोव्का बांध को उड़ाने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन देशों ने यूक्रेन को बमबारी की सहमति दी थी। बांध टूटने से यूक्रेन के दक्षिणी खेरसॉन का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया। दोनों देश एक-दूसरे पर बांध को नष्ट करने का आरोप लगा रहे हैं।

## 'सिखों के लिए किसी पीएम ने इतना नहीं किया, जितना मोदी ने किया', अमेरिका के सिख समुदाय के नेता का बड़ा बयान

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे की खूब चर्चा है। इस बीच अमेरिका में

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

अमेरिका आ रहे हैं और यह एक ऐतिहासिक पल है। सिंह ने कहा कि सिख प्रतिनिधिमंडल ने जब





भी पीएम मोदी के सामने अपनी मांगें रखी हैं, हर बार पीएम मोदी ने उन मांगों को पूरा करने की कोशिश की है। जस्सी सिंह ने कहा कि इस बार भी सिख प्रतिनिधिमंडल पीएम मोदी से मिलेगा और उन्हें धन्यवाद देगा।

**'सिख समुदाय से प्यार करते हैं पीएम मोदी'**

जस्सी सिंह ने कहा कि 'पीएम मोदी सिखों की समस्याओं को समझते हैं और वह दिल से समुदाय से प्यार करते हैं। जब वह सिख समुदाय के लोगों से मिलते हैं और बात करते हैं, तब भी उनका यह प्यार दिखाई देता है। हाल के सालों में किसी और प्रधानमंत्री ने सिख समुदाय के लिए इतना नहीं किया, जितना पीएम मोदी ने किया है।' सिख ऑफ अमेरिका संगठन के चेयरमैन ने ये भी बताया कि पीएम मोदी ने उनके समुदाय के लिए क्या क्या किया है।

**सिख समुदाय की इन मांगों को पीएम मोदी ने किया पूरा**

जस्सी सिंह ने बताया कि 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के तौर पर मनाने की मांग हो या फिर गुरुनानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व को मनाने की, 1984 दंगे की जांच के लिए एसआईटी के गठन की या फिर विदेश में रहने वाले कई सिखों को ब्लैकलिस्ट से हटाने की, ताकि वह अपनी जन्मभूमि फिर से जा सकें या फिर कृषि कानून वापस लेने की मांग, पीएम मोदी हमेशा सिखों के साथ रहे हैं। सिंह ने कहा कि पीएम मोदी ने काफी कुछ किया है और बहुत कुछ किया जाना बाकी है। अगर हमें मौका मिला तो हम पीएम मोदी से मिलकर हमारी मांगों को पूरा करने के लिए उन्हें धन्यवाद कहेंगे।

## अंतरिक्ष में चीन से मुकाबले के लिए साथ आएंगे भारत-अमेरिका? व्हाइट हाउस ने कहा- ज्यादा जानकारी नहीं दे सकते

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 जून से अमेरिका दौरे पर रहेंगे। दोनों देशों के रिश्तों के लिहाज से इस दौरे को काफी अहमियत दी जा रही है। अब व्हाइट हाउस ने बताया है कि पीएम मोदी के आगामी दौरे पर किन-किन मुद्दों पर बात होगी और किस मुद्दे पर सबसे ज्यादा फोकस रहेगा। व्हाइट हाउस के बयान के मुताबिक दोनों देशों के प्रमुखों के बीच हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र की समृद्धि और सुरक्षा के मुद्दे पर अहम बातचीत हो सकती है। बता दें कि चीन के खतरे को देखते हुए भारत और अमेरिका हिंद प्रशांत क्षेत्र पर खासा फोकस कर रहे हैं।

**चीन की बढ़ती चुनौती से निपटने की तैयारी**

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन जीन पिएरे ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। इसमें मुक्त, समृद्ध और सुरक्षित हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी को भी



मजबूत करने पर बात होगी। रक्षा क्षेत्र को लेकर भी बात होगी। पिएरे ने बताया कि जल्द ही पीएम मोदी के दौरे को लेकर अन्य जानकारी भी साझा की जाएगी।

**यात्रा में क्या खास, अन्य दौरों से यह कितना अलग?**

**अंतरिक्ष और अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में बढ़ेगा सहयोग**

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने बताया कि अक्षय ऊर्जा और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी बातचीत होगी। हालांकि,उन्होंने इसे लेकर ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया और कहा कि पीएम मोदी के दौरे के करीब आने के साथ ही हमारे पास इसे लेकर ज्यादा जानकारी होगी। माना जा रहा है कि रक्षा क्षेत्र के साथ अमेरिका अब अंतरिक्ष में भी चीन की चुनौतियों पर खास ध्यान दे रहा है। इसी के चलते वह अपनी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और भारत की इसरो के बीच समन्वय बिठाने की कोशिश में है।

गौरतलब है कि पीएम मोदी और जो बाइडन के बीच इंडोनेशिया में द्विपक्षीय बातचीत हुई थी। उस बैठक में दोनों देशों के बीच भविष्य के लिए अहम और उभरती हुई तकनीक और आर्टिफिशियल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सहयोग करने पर सहमति बनी थी। माना जा रहा है कि पीएम मोदी के आगामी अमेरिका दौरे पर इस क्षेत्र में भी कुछ अहम समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

बता दें कि पीएम मोदी, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के बुलावे पर 21 जून से 24 जून तक अमेरिका के दौरे पर रहेंगे।